




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



**आवश्यकता है**
**मीडिया हाउस**
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 344 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 26 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर



### वहीदा रहमान को मिलेगा 2023 का दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**नईदिल्ली।** वहीदा रहमान को मिलेगा 2023 का दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिग्गज एक्ट्रेस वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के लाइफ-टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की।

85 साल की वहीदा रहमान को प्यासा, सीआईडी, गाइड, कागज के फूल, खामोशी और त्रिशूल जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। वहीदा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 1955 की तेलुगु फिल्म 'रोजुलु मारायी' और 'जयसिम्हा' से की थी। उन्होंने 1956 में देव आनंद की फिल्म 'सीआईडी' से हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया था।

### लखीमपुर खीरी हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने दी आरोपी आशीष मिश्रा को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को दिल्ली के अस्पताल में जाने की अनुमति दे दी है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उन्हें किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग न लेने और मीडिया से बात नहीं करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने आशीष को अपनी बीमार मां की देखभाल करने और अपनी बेटी का इलाज कराने के लिए दिल्ली के अस्पताल जाने की अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि वह मामले के संबंध में किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग न लें या मीडिया से बात न करें।

बता दें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के दौरे के विरोध में तीन अक्तूबर 2021 में लखीमपुर खीरी के किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान एक एसयूवी ने विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों को कुचल दिया था। जिसमें चार किसानों की मौत हो गई थी। इसके बाद गुस्साए लोगों ने एसयूवी के ड्राइवर और भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हुई थी। घटना को लेकर विपक्ष और किसान संगठनों ने जमकर हंगामा किया था। मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट ने बीती 11 जुलाई को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था।

### दिल्ली में ज्वेलरी शोरूम से चोरों ने छत काटकर उड़ाए 25 करोड़ के जेवरात

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां जंगपुरा के ज्वेलरी शोरूम में चोरों ने सेंध लगाकर वारदात को अंजाम दे दिया। चोरों ने छत काटकर करीब 25 करोड़ रुपये के जेवरात चोरी कर लिए।

मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के जंगपुरा इलाके में स्थित शोरूम को चोरों ने निशाना बनाया। दीवार काटकर चोर शोरूम में दाखिल हुए। यहां से सोना, हीरा और जेवरात चोरी करके फरार हो गए। पुलिस अब सीसीटीवी की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है।

# कांग्रेस में महिला कोटे के लिए वैशाली नगर तय, लेकिन दूसरी सीट कौन सी?

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** संसद के दोनों सदनों से महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद राजनीतिक दल अब महिलाओं को लुभाने की कोशिशों में जुट गए हैं। छत्तीसगढ़ में अगले दो महीने के भीतर विधानसभा के चुनाव होने हैं, ऐसे में दोनों ही दलों कांग्रेस व भाजपा की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को टिकट देकर आधी आबादी को अपने पाले में किया जाए। भाजपा की ओर से अब तक कोई स्पष्ट संकेत तो नहीं मिले हैं, लेकिन कांग्रेस ने जरूर अपने पत्ते खोल दिए हैं। कांग्रेस पार्टी ने तय किया है कि प्रत्येक संसदीय क्षेत्र से कम से कम दो महिलाओं को टिकट दिया जाए। छत्तीसगढ़ में कुल 11 संसदीय सीटें हैं। ऐसे में कांग्रेस की ओर से कम से कम 22 महिलाएं इस बार चुनाव मैदान में भाग्य आजमातीं दिख सकती हैं।




2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में कुल 13 महिलाओं को टिकट दी थी। इनमें से 10 महिलाओं ने जीत हासिल की। वहीं भाजपा ने कुल 14 महिलाओं को टिकट दी थी, जिसमें से महज एक को ही जीत नसीब हो पाई थी। हाल ही में सीएम भूपेश बघेल के निवास पर प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई थी। इसी बैठक में महिला शक्ति को ज्यादा से ज्यादा टिकट देने पर चर्चा हुई। बैठक में सीएम भूपेश बघेल के अलावा प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत आदि लोग मौजूद थे। बैठक के बाद कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ के 11 संसदीय क्षेत्र से प्रत्येक में 2-2 महिलाओं को टिकट देने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि सि पर लगातार मंथन चल रहा है। दरअसल, संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद दोनों पार्टियों की रणनीति लगातार बदलती हुई दिख रही है।

### दुर्ग संसदीय क्षेत्र में 9 विधानसभा

दुर्ग को छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े संसदीय क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। दुर्ग जिले में जहां कुल 6 विधानसभा सीटें हैं, वहीं दुर्ग संसदीय क्षेत्र में कुल 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा व नवागढ़ शामिल हैं। इनमें से साजा, बेमेतरा व नवागढ़ बेमेतरा जिलांतर्गत आते हैं। हालांकि ये तीनों क्षेत्र दुर्ग संसदीय क्षेत्र का हिस्सा हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो वैशाली नगर को छोड़कर बाकी के सभी 8 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। हालांकि वर्तमान में वैशाली नगर सीट इसलिए रिक्त है, क्योंकि यहां के भाजपा विधायक विद्यारतन भसीन का कुछ समय पूर्व निधन हो गया था। वैशाली नगर इकलौती सीट थी, जहां विगत चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। इस सीट को भाजपा माइडेंड माना जाता है। इस बार कांग्रेस ने इस सीट को फतह करने के लिए काफी मेहनत की है। चुनाव के नतीजे ही तय करेंगे कि मेहनत भरपूर की गई या कहीं कोई कमी रह गई?

### किस सीट पर कितनी संभावना?

संसदीय क्षेत्र की कुल 9 सीटों की बात करें तो महिलाओं के लिए 2 सीटें निकालना कांग्रेस के लिए टेढ़ी खीर साबित होने वाला है। ऐसा इसलिए क्योंकि कुल 9 में से 8 सीटों पर पहले ही पुरूष विधायकों का कब्जा है। इकलौती वैशाली नगर की सीट है, जहां से कांग्रेस महिला प्रत्याशी दे सकती है। इस बात की संभावना काफी पहले से ही जाहिर की जा रही थी कि कांग्रेस इस बार वैशाली नगर में किसी महिला को आजमा सकती है। ऐसे में यह लगभग तय है कि वैशाली नगर की सीट महिला कोटे की भेंट चढ़ जाएगी। लेकिन दूसरी सीट कौन सी होगी, इसे लेकर संशय है। पाटन क्षेत्र से स्वयं सीएम भूपेश बघेल विधायक हैं, वहीं दुर्ग ग्रामीण सीट से गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग शहर से अरूण वोरा, भिलाई नगर से देवेन्द्र यादव, साजा से रविन्द्र चौबे, बेमेतरा से आशीष छाबड़ा की टिकट सौ फीसद तय बताई जा रही है। अहिवारा के विधायक व केबिनेटमंत्री रूद्र कुमार गुरू नवागढ़ से टिकट चाह रहे हैं। यदि पार्टी उन्हें नवागढ़ से टिकट देती है तो नवागढ़ के कांग्रेस विधायक गुरूदयाल सिंह बंजारे के लिए दिक्कत हो जाएगी। वैसे भी नवागढ़ में रूद्र गुरू का विरोध किया जा रहा है। यदि पार्टी रूद्र गुरू को नवागढ़ से टिकट देती है तो अहिवारा क्षेत्र के लिए नया प्रत्याशी ढूंढना होगा। संभव है कि यहां महिला प्रत्याशी के लिए संभावना बने। लेकिन अहिवारा जिले की इकलौती एससी आरक्षित सीट है और कांग्रेस के पास कोई बड़ा महिला चेहरा भी नहीं है।

### कांग्रेस में फंसे हैं कई पेंच

भाजपा ने पिछले महीने जब अपने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की तो कांग्रेस में भी प्रत्याशियों की घोषणा को लेकर हड़बड़ी देखने को मिली, लेकिन दर्जनों बैठकें होने के बाद भी कांग्रेस अब तक अपने प्रत्याशियों के नाम फायनल नहीं कर पाई है। इसके पीछे कई तरह के पेंच बताए जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने प्रदेश स्तर पर अपने हिसाब से प्रत्याशियों के सिंगल, डबल नाम तय कर लिए थे, लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन की अगुवाई में जब बैठक हुई तो इन तमाम नामों पर फिर से पुनर्विचार करने की नौबत आ गई। दरअसल, अजय माकन दिल्ली से प्रत्याशियों की फेहरिश्त लेकर रायपुर आए थे। उनके पास जो नाम थे, वह प्रदेश स्तर पर तय किए गए नामों से अलग थे। ऐसे में माकन ने कई कड़े सवाल किए, जिनका जवाब प्रदेश के नेताओं के पास नहीं था। इसीलिए पहली सूची जारी करने को लेकर ही काफी विलम्ब हो गया। बताया जाता है कि अब भी कांग्रेस की मंशा है कि भाजपा की सभी सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने के बाद उसी के हिसाब से अपने प्रत्याशी तय किए जाएं।

## आयुष्मान भारत योजना में छत्तीसगढ़ को तीन पुरस्कार

- **राज्य के 90 प्रतिशत परिवारों में कम से कम एक का बना है आयुष्मान कार्ड**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** आयुष्मान भारत योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को तीन पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। बड़े राज्यों की श्रेणी में छत्तीसगढ़ को योजना के तहत सेवाएं प्रदान करने में लैंगिक समानता, राज्य को आबंटित राशि के शत-प्रतिशत उपयोग और राज्य के 90 प्रतिशत से अधिक परिवारों में कम से कम एक आयुष्मान कार्ड के लिए पुरस्कृत किया गया है। संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्टेट नोडल एजेंसी के सीईओ जयप्रकाश मौर्य ने आज नई दिल्ली में आयोजित आरोग्य मंथन कार्यक्रम में प्रदेश की ओर से ये पुरस्कार ग्रहण किए। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों को सम्मानित किया।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत मरीजों को डिजिटल कार्ड के द्वारा सुविधा एवं डिजिटल हेल्थ रिकार्ड के लिए एम्स रायपुर को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। डिजिटल हेल्थ मिशन के अंतर्गत आभा आईडी का उपयोग किया जा रहा है जिससे मरीज़ों को ओपीडी में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सुविधा हो रही है। नई दिल्ली में आयोजित आरोग्य मंथन-2023 कार्यक्रम में स्टेट नोडल एजेंसी के उप संचालक डॉ. खेमराज सोनवानी एवं एजेंसी के अधिकारियों के साथ एम्स रायपुर के डीन डॉ. ए.सी. अग्रवाल एवं वरिष्ठ चिकित्सक भी उपस्थित थे।

## पीएम नरेन्द्र मोदी ने जारी किए 51,000 सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेला कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने सरकारी विभागों और संगठनों में नौकरी पाने वालों को लगभग 51,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए।



इस दौरान पीएम मोद ने कहा पिछले 9 वर्षों में हमारी योजनाओं ने और भी बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त किया है। हमारी नीतियां नई सोच, ????मिशन मोड कार्यान्वयन और जन भागीदारी पर आधारित हैं। 9 वर्षों में सरकार ने मिशन मोड पर नीतियों को लागू किया है। पीएम मोदी ने आगे कहा, 'देश ने 2047 तक विकसित भारत बनने का संकल्प लिया है। हम अगले कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं।

## एकमुश्त निपटान योजना लागू : 50 लाख तक बकाया पर 40 फीसदी छूट, जुर्माना भी माफ

- **वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने शुरू की योजना**
- **छत्तीसगढ़ के बकायादारों को मिलेगी बड़ी राहत**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने वैट, केंद्रीय प्रवेश कर, टर्नओवर कर और विलासिता कर की पुरानी बकाया राशि की वसूली के लिए मूल्य वर्धित कर (वैट) और वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत एकमुश्त निपटान योजना शुरू की है। इस योजना से बकाया वाले हजारों व्यापारियों को लाभ होगा। एक अनुमान के अनुसार 70,000 व्यवसायी इस योजना से लाभान्वित होंगे। ओटीएस योजना के प्रावधानों के तहत, ऐसे मामलों में जहां लंबित मामले में बकाया राशि रुपये से अधिक है। एक वर्ष में 50 लाख तक कर राशि का 40 प्रतिशत माफ किया जाएगा। साथ ही ब्याज राशि का 90 प्रतिशत और जुर्माना राशि का 100 प्रतिशत माफ किया जाएगा। ऐसे मामलों में जहां बकाया राशि रुपए से कम है। 50 लाख तक बकाया राशि का 60 प्रतिशत, ब्याज राशि का 90 प्रतिशत और जुर्माना राशि का 100 प्रतिशत माफकर दिया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के अनुसार, विभाग ने इस योजना को आधिकारिक तौर पर 15 सितंबर को अधिसूचित किया था। एकमुश्त निपटान योजना के तहत लंबित कर, ब्याज और जुर्माना एकत्र किया जाएगा। इसके लिए व्यवसायियों को निर्धारित प्रारूप में वाणिज्य कर आयुक्तालय के कार्यालयों में आवेदन करना होगा। इस ओटीएस योजना के तहत 31 जनवरी 2024 तक आवेदन जमा किये जा सकते हैं।

इस ओटीएस योजना की एक विशेष विशेषता यह है कि इसे 31 जनवरी, 2024 तक लंबित मामलों तक बढ़ा दिया गया है, जिसमें कर निर्धारण, संशोधन, पहली या दूसरी अपील और सरकार, उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अपील से संबंधित मामले शामिल हैं। 2010 में बकाया राशि की वसूली के लिए सरल समाधान योजना में भाग लेने वाले व्यवसायिक व्यक्तियों को भी इस निपटान अधिनियम के तहत शामिल किया जा सकता है।

व्यवसायियों की सुविधा के लिए वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा ओटीएस योजना, नियम एवं आवेदन प्रारूप वेबसाइट https//comta&.cg.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन भी जमा किये जा सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन करने वालों को संबंधित वाणिज्यिक कर कार्यालय में संबंधित अधिकारी के पास एक हार्ड कॉपी जमा करनी होगी। ओटीएस के तहत शामिल कारोबारी इसके लिए नि:शुल्क आवेदन कर सकते हैं।

## फार्मेसी पर फिर छिड़ी फार्मा क्लीनिक की चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज




कल विश्व फार्मासिस्ट्स डे था। सभी फार्मेसी कालेजों, अस्पतालों तथा औषधि उद्योग से जुड़े लोगों ने इस दिवस को मनाया। यहां विशेष जोर फार्मेसी कालेजों पर है। यहां विद्यार्थियों को मोटिवेट करने के लिए एक बार फिर फार्मा क्लीनिक या फार्मेसी क्लीनिक की चर्चा छेड़ी गई। 2015 में एक प्रमुख समाचार पत्र ने यह खबर दी कि फार्मासिस्ट भी अब ग्रामीण क्षेत्र में अपना क्लीनिक खोल सकेंगे। खबर का शीर्षक था फार्मासिस्ट भी शुरू कर सकेंगे अब अपना खुद का क्लीनिक। ब्यौरे के मुताबिक इनका नाम फार्मा क्लिनिक होगा। केंद्र सरकार ने इस बारे में फार्मेसी काउंसिल ऑफइंडिया के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। देखना है कि सरकार का यह कदम आम जनता को झोलाछाप डॉक्टरों से निजात दिलाने में कितना कारगर सिद्ध होगा। नए कानून के तहत फार्मासिस्ट को अपने क्लिनिक के बाहर बोर्ड लगाकर उस पर अपना नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर और शैक्षणिक योग्यता दर्शानी होगी। डिग्री धारी फार्मासिस्ट किसी एमबीबीएस चिकित्सक के यहां तीन माह की इंटर्नशिप करने के बाद क्लीनिक खोल सकेगा। प्राइमरी मेडिसिन के साथ ही वह आईवी फ्लूइड चढ़ा, सबक्यूटेनस, इंट्रामस्कुलर और इंट्रावेनस इंजेक्शन लगा सकेगा। वह चिकित्सक की तरह परामर्श शुल्क भी ले सकेगा। इसका फायदा यह होगा कि जनता नीम हकीमों से परामर्श और दवा लेने से बच जाएंगी। इस खबर के लगभग पांच साल बाद फैक्टचेक टीम ने इसे फेक न्यूज बताया, पर तब तक इस खबर का जो असर होना था वह हो चुका था। फार्मेसी कालेजों में विद्यार्थियों की बाढ़ आ गई थी। यह खबर आज भी उस प्रमुख दैनिक की वेबसाइट पर बनी हुई है। यह खबर क्यों और किसे फायदा पहुंचाने के लिए छापी गई, इसका सहज आकलन किया जा सकता है। उक्त खबर पर यकीन इसलिए भी कर लिया गया कि केन्द्र की नई सरकार ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में रहने वाले मरीजों को राहत पहुंचाने के लिए योजनाएं बना रही थी। बहरहाल, योजना की बात करें तो इसमें ज्यादा बुराई नजर नहीं आती। बी-फार्मा डिग्री धारक को दवाओं के बारे में काफी अच्छी जानकारी होती है। वैसे भी दवा दुकान वाले सामान्य बीमारियों के लक्षण पूछकर दवा अब भी देते ही हैं। यदि यह खबर हकीकत होती तो फार्मेसी संचालक इस कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कर रहे होते। फिलहाल वे मरीज को कोई प्रेसक्रिप्शन नहीं देते, केवल दवा दे देते हैं और पैसे लेकर रसीद काट देते हैं। इससे गड़बड़ी होने पर भी मरीज किसी कानूनी उपचार के लिए पात्र नहीं होता। पढ़े लिखों का तो यह आलम है कि वे अपने लिए दवा खुद ही तजवीज कर लेते हैं। वहीं ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो डाक्टर द्वारा लिखी गई दवाइयों के साइड इफेक्ट जानने के लिए गूगल बाबा की शरण में चले जाते हैं। ऐसे अधकचरे डाक्टरों से स्वयं डाक्टर घबराते हैं। अच्छा होता यदि दवा की पढ़ाई करने वालों पर भरोसा किया जाता।




## संपादकीय

### आतंक के विरुद्ध

अलगाववादियों और आतंकियों के विरुद्ध भारत सरकार की आक्रामकता जरूरी व स्वागतयोग्य है। तमाम सुरक्षा एजेंसियों को सक्रिय कर देना चाहिए, ताकि भारत विरोधी किसी भी साजिश का माकूल जवाब दिया जा सके। अलगाववाद भारत के लिए नई बात नहीं है, पर किसी अलगाववादी आंदोलन के कुरूप होने से पहले ही उस पर अंकुश लगाना बेहतर रणनीति है। यह प्रशंसनीय है कि एनआईए ने खालिस्तानी आतंकियों की सूची तैयार कर ली है और भारत में मौजूद उनकी संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई भी शुरू हो गई है। कनाडा जिन आतंकियों को अपना नागरिक बताकर उन पर फिदा हो रहा है, उनकी पोल खोलने का काम भी तेज हो गया है। खुफिया एजेंसियों द्वारा तैयार किए गए एक डोजियर में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की पोल-पट्टी खोलकर रख दी गई है। कनाडा को बताया गया है कि निज्जर खालिस्तान कमांडो फोर्स का पुराना सहयोगी था और विभिन्न राजनीतिक व धार्मिक हस्तियों की हत्या में शामिल था। भारत ने कनाडा सरकार को यह भी याद दिलाया है कि निज्जर 1996 में जाली पासपोर्ट पर कनाडा में घुसा था।

> “ एनआईए ने अपने आरोपपत्र में यह साफ बता दिया है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक नेताओं और गैंगस्टरों द्वारा जबरन वसूली व तस्करी के माध्यम से भारत में अर्जित धन का उपयोग हिंसक कृत्यों के वित्त-पोषण के लिए किया जाता है। यह भी बताया गया है कि आतंकियों का पैसा कनाडा में कैसे इस्तेमाल हो रहा है। अब गेंद कनाडा के पाले में है। भारतीय राजनयिकों और सुरक्षा एजेंसियों को अपनी ओर से कोई ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए।

वाकई उन आतंकियों के चेहरे से बनावटी-सजावटी नकाब उतार फेंकने की जरूरत है, जिनको कनाडा की सरकार अपना जिम्मेदार नागरिक मानकर मुसीबत मोल ले रही है। भारत ने जहां कनाडा को आतंकियों के सुबूत दिए हैं, वहीं यह भी याद दिलाया है कि कनाडा ने सरे स्थित खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजेंसियों की कथित संलिप्तता के बारे में किसी भी स्तर पर भारत के साथ कोई सुबूत साझा नहीं किया है। भारत ने फिर आधिकारिक रूप से दोहराया है कि किसी भी स्तर पर कनाडा ने कोई खुफिया सूचना साझा नहीं की है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि कनाडा की वर्तमान सरकार अपने राजनीतिक फायदे के लिए खालिस्तान विवाद को हवा दे रही है। अव्वल तो वह खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ कदम नहीं उठा रही, इसके उलट भारत पर ही ज्यादतीके आरोप लगा रही है? अधूरे ज्ञान व पाकिस्तान के उकसावे पर भटके हुए खालिस्तानियों ने किसी लालच में जो आग लगाई है, उसकी आंच उनके अपने घरों तक पहुंचनी ही चाहिए। यह बहुत अच्छा कदम है कि एनआईए ने 19 आतंकियों की सूची न केवल कनाडा, बल्कि ब्रिटेन और अमेरिका के साथ भी साझा की है। आतंकियों का असली चेहरा सामने आना चाहिए। लंबे समय तक आतंकवाद की भयंकर आग में झुलसने का दर्द झेल चुका भारत अब कोई खतरा मोल नहीं ले सकता। लगे हाथ भारत ने यह भी कहा है कि वह कनाडा के साथ जांच में सहयोग के लिए तैयार है, बशर्ते कनाडा वैध कानूनी प्रक्रिया अपनाए और पहचाने गए हत्यारे या हत्यारों के खिलाफ मुकदमा चलाए। वास्तव में, जब कनाडा स्वयं मामले की जांच करेगा, तब उसे सच्चाई का पता चलेगा कि अलगाववादी उसे गलत राह पर ले जा रहे हैं। एनआईए ने अपने आरोपपत्र में यह साफ बता दिया है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक नेताओं और गैंगस्टरों द्वारा जबरन वसूली व तस्करी के माध्यम से भारत में अर्जित धन का उपयोग हिंसक कृत्यों के वित्त-पोषण के लिए किया जाता है। यह भी बताया गया है कि आतंकियों का पैसा कनाडा में कैसे इस्तेमाल हो रहा है। अब गेंद कनाडा के पाले में है। भारतीय राजनयिकों और सुरक्षा एजेंसियों को अपनी ओर से कोई ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए।

### महिला आरक्षण 2029 से या 2034 से?

इसको लेकर बड़ा कंफ्यूजन है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार जो महिला आरक्षण बिल पास करा कर कानून बना रही है वह कब से लागू होगा? यह सबको पता चल गया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में यह नहीं लागू होने जा रहा है। लेकिन यह 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू होगा या उसके बाद भी पांच साल यानी 2034 तक इंतजार करना होगा, इसे लेकर कंफ्यूजन है। यह कंफ्यूजन सरकार विरोधी कुछ यूट्यूबर्स ने फैलाया और उसे कांग्रेस नेता गुरदीप सिंह सप्पल ने और बढ़ा दिया। सप्पल ने ट्विटर यानी एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि यह बिल 2029 में भी लागू नहीं हो पाएगा। उन्होंने 2002 के परिसीमन और उसके बाद उस पर रोक लगाने वाले संविधान संशोधन कानून के आधार पर यह दावा किया कि महिला आरक्षण के लिए अभी और इंतजार करना होगा हैरानी की बात है कि लोकसभा में अमित शाह द्वारा स्थिति स्पष्ट करने के बावजूद कंफ्यूजन बना हुआ है। अमित शाह ने बहुत साफ शब्दों में कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जनगणना और परिसीमन का काम होगा। इसके बाद संशय खत्म हो जाना चाहिए था। लेकिन फिर भी राजनीतिक कारणों से विवाद चल रहा है। असल में 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार की ओर से किए गए संशोधन में यह प्रावधान किया गया था कि 2026 से पहले लोकसभा सीटों का परिसीमन नहीं होगा। उसमें यह भी कहा गया था कि 2026 के बाद परिसीमन की छूट होगी लेकिन वह उसके बाद होने वाली जनगणना के आंकड़ों पर होगी।

उस कानून के मुताबिक 2026 में परिसीमन का रास्ता तो साफ हो जाएगा लेकिन वह 2031 की जनगणना के आंकड़ों पर ही होगा। इसी को आधार बना कर दावा किया जा रहा है कि उस जनगणना के आंकड़े 2032-33 में आएंगे और उसके बाद परिसीमन होगा इसलिए महिल आरक्षण 2034 या 2039 में लागू होगा। लेकिन ऐसा दावा करने वाले यह भूल जा रहे हैं कि जनगणना का चक्र अब बदल गया है। 2021 में जनगणना नहीं हुई है और वह जनगणना 2024-25 में होगी इसलिए 2026 के बाद परिसीमन के लिए 2031 की जनगणना का इंतजार नहीं करना होगा। दूसरे, अगर इसके रास्ते में कोई कानूनी बाधा आती है तो सरकार जब चाहे तब संशोधन करके समय सीमा बदल सकती है, जैसे वाजपेयी सरकार ने बदला था।

### नए संसद भवन में हीरोइनों का जमावड़ा

नए संसद भवन में कामकाज की शुरुआत और महिला आरक्षण बिल पास होने के मौके पर नारी सशक्तिकरण के प्रदर्शन के लिए भाजपा और केंद्र सरकार ने जो प्रतीक चुना वह हैरान करने वाला था। सशक्त महिला के तौर पर सिर्फ फिल्मी हिरोइन्स को संसद भवन बुलाया गया। दो-चार महिला खिलाड़ी भी पहुंचीं लेकिन वे रिटायर हो चुकी हैं या करियर के आखिरी दौर में हैं। यह हैरान करने वाली बात है क्योंकि जितनी संख्या में अभिनेत्रियां संसद में पहुंचीं और उनके वीडियो व फोटोज सोशल मीडिया में शेयर हुए उससे अनेक लोगों को यह कहने का मौका मिला कि केंद्र सरकार जिस तरह का बिल ले आई है उसके कानून बनने के बाद इसी तरह की महिलाएं संसद में पहुंचेंगी। बिना ओबीसी आरक्षण के महिला बिल पेश होने पर शरद यादव ने जो कहा था एक तरह से वह देखने को मिला। बहरहाल, नए संसद भवन में 19 सितंबर से कामकाज शुरू हुआ और उसी दिन महिला आरक्षण बिल पेश हुआ। उस दिन से 21 सितंबर तक यानी संसद का विशेष सत्र खत्म होने तक के तीन दिन में कई अभिनेत्रियां संसद में पहुंचीं। भाजपा के सांसदों ने और यहां तक कि कैबिनेट मंत्रियों तक ने उनके साथ फोटो खिंचवाई। एक बड़े चैनल की बड़ी एंकर ने तो एक हीरोइन का इंटरव्यू भी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि 2014 से पहले लोग देश के राष्टपति तक का नाम नहीं जानते थे। बहरहाल 19 से 21 सितंबर के बीच तीन दिन में कंगना रनौत, भूमि पेडनेकर, ईशा गुप्ता, तमन्ना भाटिया, दिव्या दत्ता, कीर्ति कुल्हड़ी, शहनाज गिल, स्मृति कालरा, सपना चौधरी आदि संसद भवन में पहंचे। इसमें कुछ नाम शामिल हो सकते हैं। खिलाड़ियों में अंजू बॉबी जॉर्ज, रानी रामपाल, एमसी मैरीकॉम को देखा गया।

> “ मैंने उनसे पूछा था कि 'इतनी फ्लॉप फिल्में देने के बाद भी आप लगातार फिल्में क्यों बनाते हैं?' उन्होंने जवाब दिया था, 'मैं न तो कभी अपनी फिल्मों की सफलता का जश्न मनाता हूं और न किसी फिल्म की असफलता पर शोक। मैं समय और नई तकनीक के साथ चलना चाहता हूं। मैं प्रेम पुजारी हूं। मुझे पता है, मेरे चाहने वाले मुझे कभी भूलेंगे नहीं। मेरी फिल्म गाइड का एक संवाद है, 'तन रहे या ना रहे, मैं रहूंगा।'

# मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया

प्रदीप सरदाना, वरिष्ठ पत्रकार



फरवरी 1990 की बात है। मुंबई के सेठ स्टूडियो में फिल्म अमन के फरिश्ते की शूटिंग चल रही थी। देव आनंद हाथ में एक कागज लिए संवाद याद कर रहे थे। फिल्म निर्देशक ने देव आनंद को सीन समझा दिया। शूटिंग शुरू हुई, देव साहब ने फोन उठाते ही जैसे हैलो कहा, दूसरी ओर से आवाज आई, 'यदि कर्नल रणजीत की जिंदगी चाहते हो, तो कल सुबह पांच करोड़ रुपये लेकर काली घाटी आ जाना।' संवाद सुनते ही देव आनंद अपने चेहरे पर हैरानी और चिंता के गहरे भाव लाते हुए कुछ ठहरकर बोले, 'ठीक है, रुपये मिल जाएंगे।' इसके बाद फोन रखते हुए अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा, 'काली घाटी।'

एक ही टेक में सीन ओके हो गया। इसके बाद ब्रेक में जब मैं देव आनंद के साथ इंटरव्यू के लिए बैठा, तो पूछ बैठा, 'आपने सीन में दो छोटे से बदलाव कर दिए।' देव साहब हंसते हुए बोले, 'असल में- ठीक है रुपये पहुंच जाएंगे- मैंने इसलिए कुछ ठहरकर कहा कि आखिर पांच करोड़ की रकम किसी को फिरौती में देनी है, तो कुछ पल सोचना होगा ही। फिर बाद में काली घाटी भी अपनी तरफ से इसलिए बोला कि जहां रुपये पहुंचाने हैं, वह जगह भी याद रहे।'

वहां आसपास मौजूद लोग भी जवाब सुनकर खुश हो गए थे। देव आनंद वास्तव में जीवंत विद्यालय की तरह थे। न जाने कितने कलाकारों को परदे के आगे और पीछे उन्होंने मौके दिए, खूब सिखाया, बढ़ाया। आज जब देश-दुनिया देव आनंद का 100वां जन्मदिन इतनी शिद्दत से मना रही है, तब उनकी कईकालजयी फिल्मों और एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों की याद उमड़ आई है। सच, उनके जैसा कोई नहीं। अपनी ऊर्जा, स्फूर्ति, उत्साह, अनुशासन, काम के प्रति शत-प्रतिशत समर्पण और साफगोई की वजह से वह सर्वश्रेष्ठ खुशनुमा सितारे थे।

पंजाब के गुरदासपुर जिले में 26 सितंबर, 1923 को जन्मे धर्मदेव पिशोरीमल आनंद 19 की उम्र में आंखों में बड़े सपने और जेब में 30 रुपये लिए लाहौर से मुंबई आए थे। वहां की कृष्णा महल चॉल में छोटी-सी जगह पर तीन लोगों के साथ रहते थे। जहां सुबह नित्यकर्म के लिए लंबी कतार में लगना पड़ता था। वह काम के लिए स्टूडियो के चक्कर लगाने के साथ बड़े भाई चेतन आनंद और बलराज साहनी के साथ रंगमंच भी करते रहे। जब पूना के प्रभात फिल्म्स के बाबूराव पई और निर्देशक पीएल संतोषी ने उन्हें हम एक हैं के लिए 400 रुपये महीने की नौकरी पर रखा, तब देव साहब की खुशी का ठिकाना न था। हालांकि, उनकी यह पहली फिल्म चली नहीं, मगर वह कभी संघर्ष, मेहनत, चुनौतियों और आलोचनाओं से घबराए नहीं। देश आजाद हुआ और उनकी फिल्म जिद्दी (1948) ऐसी सफल हुई कि फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। खूब सारी फिल्में मिल गईं, तो उनके पास दस हजार रुपये जमा हो गए। इन रुपयों से उन्होंने अपनी फिल्म निर्माण संस्था नवकेतन की स्थापना कर दी। नवकेतन के बैनर से इनकी पहली फिल्म चेतन आनंद के निर्देशन में अफसर (1950) आई। देव साहब ने अपनी अगली फिल्म बाजी के लिए दोस्त गुरुदत्त को निर्देशक बनाया और लेखक बने बलराज साहनी। भारतीय सिनेमा की इस कालजयी हिट फिल्म ने देव आनंद को सफल स्टार के रूप में स्थापित कर दिया। गली-गली में उनकी चर्चा शुरू हो गई, जो आज भी अक्सर होती है। भला कौन भूल सकता है उन पर फिल्माया गया गीत, मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया। देव आनंद का तेजी से संवाद बोलने, झुकते-झुकाते मस्त अंदाज में लंबे और टेढ़े-मेढ़े पग भरने का ढंग इतना लोकप्रिय हुआ कि वह देश के फैशन आइकन बन गए। रंग-बिरंगे कपड़े, गले में मफलर, सिर पर टोपी वाला इनका रूप इतना लोकप्रिय हुआ कि वह लोगों के दिलों में भारत के सबसे सुदर्शन प्रेमी नायक के रूप में हमेशा के लिए बस गए। रोमांटिक स्टार की जो छवि बनी, देव साहब ने भी कभी उसे हाथ से जाने न दिया। 65 बरस के करियर, करीब 110 फिल्में करने और 88 की उम्र में भी वह नहीं थके थे। लंदन में 3 दिसंबर, 2011 को दुनिया से विदा होने से कुछ घंटे पहले तक वह ऊर्जा और सपनों से सराबोर थे।

उनका एक और पहलू है, जिसे हमेशा याद किया जाएगा। वह वैचारिक रूप से सबसे सजग और देश को जरूरत पड़ने पर पूरी सक्रियता दिखाने वाले विरल स्टार थे। जब 1975 में आपातकाल लगा, तब देव आनंद ने महसूस किया कि ऐसी सत्ता देश के लिए ठीक नहीं है। यहां तक कि 1977 में उन्होंने नेशनल पार्टी ऑफइंडिया भी बना डाली थी। वह अन्याय के खिलाफ चुप रह जाने वाले कलाकार नहीं थे। सत्ता की चापलूसी इस सच्चे नायक के स्वभाव में नहीं थी।

वह अभिनेता ही नहीं, बेहतरीन निर्माता, निर्देशक और लेखक भी थे। अपने नवकेतन बैनर से उन्होंने 35 फिल्में बनाईं, जिनमें 20 सफल रहीं। उन्होंने 19 फिल्मों का निर्देशन और 13 फिल्मों का लेखन किया। उनकी शानदार फिल्मों की बात करें, तो हम दोनों, सीआईडी, काला पानी, तीन देवियां, तेरे घर के सामने, ज्वैल थीफ, जॉनी मेरा नाम, गाइड, प्रेम पुजारी, हरे रामा हरे कृष्णा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वैसे, देव आनंद की दो फिल्में ऐसी हैं, जो उनकी सभी फिल्मों पर भारी हैं। उनके छोटे भाई विजय आनंद के निर्देशन में बनी गाइड (1965) आज विश्व की कालजयी फिल्मों में शुमार है। दूसरी फिल्म है, हरे रामा हरे कृष्णा, जिससे देव ने मानो दर्शन और मनोरंजन का एक नया इतिहास लिख दिया, दम मारो दम से लेकर देखो ऐ दीवानो, तुम ये काम ना करो, राम का नाम बदनाम ना करो तक देव की जो भारतीय युवाओं के मन पर पकड़ थी, उसका कोई मुकाबला नहीं था।

वह ऐसे फिल्मकार थे, जो उठते-बैठते, सोते-जागते, खाते-पीते सिर्फ फिल्मों के लिए सोचते और जीते थे। अपने अंतिम 20 बरसों में वह फिल्में पैसा कमाने के लिए नहीं, बल्कि अपने जुनून व रचनात्मक संतोष के लिए ही बना रहे थे। मैंने उनसे पूछा था कि 'इतनी फ्लॉप फिल्में देने के बाद भी आप लगातार फिल्में क्यों बनाते हैं?' उन्होंने जवाब दिया था, 'मैं न तो कभी अपनी फिल्मों की सफलता का जश्न मनाता हूं और न किसी फिल्म की असफलता पर शोक। मैं समय और नई तकनीक के साथ चलना चाहता हूं। मैं प्रेम पुजारी हूं। मुझे पता है, मेरे चाहने वाले मुझे कभी भूलेंगे नहीं। मेरी फिल्म गाइड का एक संवाद है, 'तन रहे या ना रहे, मैं रहूंगा।'

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# तेलंगाना में कर्नाटक का दांव खेल रही राष्ट्रीय पार्टियां

एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार



भारतीय जनता पार्टी ने हिंदुत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और केंद्र की जनहितकारी योजनाओं से ऐसा मिश्रण तैयार किया है, जो उसे चुनाव-दर-चुनाव जीत दिला रहा है। ऐसे में, यह अबूझ सवाल है कि इसके बरअक्स कांग्रेस की अगुवाई वाले 'इंडिया' को क्या-क्या करना चाहिए, ताकि उसे सत्ता मिल सके? कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को समाज के एक तबके ने खूब पसंद किया है, पर साथ ही वह यह भी कहता है कि जब तक कोई ठोस राजनीतिक विचार और कार्यक्रम इस यात्रा को न मिला, तो शायद ही कोई सार्थक नतीजा निकल पाए।

राजनीति में जब चुनाव का समय आता है, तो धारणाएं लोगों को काफी प्रभावित करती हैं। किसी एक मुद्दे के बजाय कई मुद्दों के आधार पर लोग ईवीएम का बटन दबाते हैं। विपक्ष को यह याद रखना चाहिए। कर्नाटक में अपनी सफलता से उत्साहित कांग्रेस मानने लगी है कि उसे पड़ोसी राज्य तेलंगाना में भी ऐसा ही फॉर्मूला आजमाना चाहिए, जिसमें सत्ता में आने को सामाजिक कल्याण और सामाजिक समता के साथ जोड़ा जाता है। 'कमंडल' की राजनीति के जवाब में 'मंडल' की राजनीति की वकालत नई बात नहीं है। 1980 के दशक के मध्य में बिहार में लालू प्रसाद यादव और उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव ने इसे बखूबी आजमाया है। नई बात तो यह है कि हिंदुत्व की राजनीति को मात देने के लिए अब कांग्रेस इसे अपनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन एक बदलाव के साथ।

तेलंगाना में कांग्रेस मुसलमानों, पिछड़े समुदायों और दलितों को लुभाने की कोशिश में है। यहां पार्टी की कमान रेवंत रेड्डी को सौंपी गई है। उनके जरिये कांग्रेस अपनी खोई जमीन वापस पाने की कोशिश कर रही है। पार्टी नेता सोनिया गांधी ने 17 सितंबर को हैदराबाद में छह गारंटी की घोषणा भी की है- महालक्ष्मी (महिला कल्याण), रायथु भरोसा (किसान व श्रमिक कल्याण), गृह-ज्योति (हर घर मुफ्त बिजली), इंदिरम्मा इंदलु (मुफ्त आवास), युवा विकासम (शिक्षा और नौकरी) और चेयुथा (वृद्धावस्था पेंशन)। इन छह वायदों में से तीन महिलाओं के लिए हैं, जिनमें उनके लिए न्यूनतम मासिक आय, मुफ्त बस यात्रा आदि शामिल हैं। खास बात यह है कि कांग्रेस खेतिहर मजदूरों और किसानों (विशेषकर जो दूसरों के खेत में खेती करते हैं) को अपने पाले में करना चाहती है। इन किसानों के लिए पार्टी ने 12,000 रुपये प्रति एकड़ सहायता का वायदा किया है, जबकि सूबे की बीआरएस सरकार की मौजूदा नीति में खेत-मालिकों को प्रति एकड़ 15,000 रुपये का भुगतान किया जाता है, जो अमूमन बड़े किसानों को फायदा पहुंचाता है।

कर्नाटक में कांग्रेस पांच वायदों और अल्पसंख्यकों के पर्याप्त समर्थन से सत्ता में लौटी है। वहां पार्टी ने सोशल इंजीनियरिंग के तहत हाशिये के वर्गों का समर्थन जुटाकर अपनी जीत सुनिश्चित की। मगर तेलंगाना में बीआरएस को कमतर आंकना भूल होगी। यहां उसका काफी दबदबा है, क्योंकि उसने उस आंदोलन का नेतृत्व किया है, जिसके कारण अलग राज्य का गठन हो सका। हालांकि, मुख्यमंत्री के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर भी है, और उन पर आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप भी हैं। भाजपा यहां फिलहाल शांत दिख रही है, जबकि 2019 के आम चुनाव में उसने चार सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था। हैदराबाद नगर निकाय को जीतने के लिए तो उसने आक्रामक अभियान चलाए थे। उसने आक्रामक हिंदुत्व के प्रचारक बांदी सुरेश की जगह किशन रेड्डी को पार्टी प्रमुख बनाया है, जिससे भाजपा-बीआरएस गठबंधन की अफवाहें गरम हैं।

हैदराबाद निकाय चुनाव में पार्टी ने हिंदुत्व अभियान को आगे बढ़ाया था। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को निशाना बनाकर ध्रुवीकरण की कोशिश की थी, पर उसमें उसे आंशिक सफलता मिली। पिछले कुछ महीनों में यहां कई बीआरएस के कई नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। तेलंगाना में इसी साल दिसंबर में 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव होने जा रहा है। जाहिर है, इन सभी घटनाक्रमों से यहां की लड़ाई दिलचस्प हो गई है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# जिसमें दम है वह मारता है!

हरिशंकर व्यास

खालिस्तानी आतंकवादी और राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए की वांछित सूची में शामिल रहा हरदीप सिंह निज्जर अकेला नहीं है, जो विदेशी धरती पर मारा गया है। एक के बाद एक भारत में वांछित कई आतंकवादी विदेशी धरती पर मारे गए हैं। अभी जब निज्जर की हत्या का विवाद चल रहा है और भारत व कनाडा के बीच बड़ा कूटनीतिक संकट खड़ा है तब भी एक गैंगेस्टर सखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दुनिके की कनाडा में गोली मार कर हत्या हुई है। भारत की एक जेल में बंद गैंगेस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। अगर उसने आगे बढ़ कर जिम्मेदारी नहीं ली होती और उसके नाम से संचालित फेसबुक अकाउंट पर यह नहीं बताया जाता कि उसने अपने गैंग के एक व्यक्ति की हत्या का बदला लेने के लिए यह कराया है तो क्या पता भारत में कहा जाता कि देश की सुरक्षा के लिए उसकी हत्या है।

इस साल जून में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। दो लोगों ने उसे एक पार्किंग में गोली मार दी थी। वह खालिस्तान टाइगर फोर्स से जुड़ा हुआ बताया जाता था और भारत में एनआईए द्वारा वांछित आतंकवादी था। सिख फॉर जस्टिस की ओर से चलाए गए सिख रेफरेंडम से भी निज्जर जुड़ा हुआ था। निज्जर की हत्या से ठीक पहले मई में पाकिस्तान में छिपे खालिस्तान कमांडो फोर्स के सरगना परमजीत सिंह पंजवड की हत्या कर दी गई थी। अज्ञात लोगों ने गोली मार कर उसकी हत्या कर दी थी। भारत ने 2020 में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून यानी यूएपीए के तहत नौ वांछितों की सूची जारी की थी, जिसमें पंजवड का भी नाम था। वह लाहौर में रह कर आतंकवादियों को प्रशिक्षण देता था और उन्हें हथियार, गोला-बारूद आदि मुहैया कराता था ताकि भारत में महत्वपूर्ण लोगों पर हमला कराया जा सके। वह ड्रग्स की तस्करी में भी शामिल बताया जाता था।

उससे पहले फरवरी में पाकिस्तान के रावलपिंडी में बशीर अहमद पीर उर्फ इम्तियाज आलम की अज्ञात लोगों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। उसे एक साल पहले ही भारत की एजेंसियों ने भगोड़ा आतंकवादी घोषित किया था। वह पाकिस्तान के कुपवाड़ा का रहने वाला था। फरवरी में ही भारत में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट को जिंदा करने में जुटे एजाज अहमद अहंगर की काबुल में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस साल जून में ब्रिटेन में अवतार सिंह खांडा की रहस्यमय स्थितियों में मौत हो गई थी। उसका पूरा परिवार खालिस्तान आंदोलन से जुड़ा रहा था और खूंखार आतंकवादियों के साथ उसके संबंध थे। भारत के रहने वाले और किसी न किसी तरह की आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहे अनेक लोग विदेशी धरती पर मारे गए हैं।




तभी भारत में यह हल्ला, प्रचार है कि भारत के दुश्मन दुनिया के किसी भी हिस्से में छिपे हों उनको खोज कर मारा जाएगा। इससे पहले यह बात इजराइल के लिए कही जाती थी। इसके कितने किस्से हैं और कई किस्सों पर अब नेटफ्लिक्स या अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सीरिज बन चुकी है। परदे पर कहानी आने से पहले किवदंती की तरह इजराइल के खुफिया एजेंसी मोसाद और उसके अभियानों की कहानी प्रचलित थी। म्यूनिख ओलंपिक में इजराइली खिलाड़ियों की हत्या करने वालों को दुनिया के अलग अलग हिस्सों में खोज कर मारने के किस्सों पर 'म्यूनिख' नाम से ही हॉलीवुड की फिल्म बनी है। इनसे यह धारणा बनी है कि इजराइल अपने देश के दुश्मनों को छोड़ता नहीं है।

रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन को लेकर भी ऐसी धारणा है कि वे अपने या रूस के दुश्मनों को छोड़ते नहीं हैं। मार्च 2018 में ब्रिटेन के सैलिसबरी शहर में एक पूर्व रूसी सैन्य अधिकारी और ब्रिटिश खुफिया एजेंसियों के डबल एजेंट सर्गेई स्क्रिपल और यूलिया स्क्रिपल को नर्व एजेंट के जरिए जहर देकर मारने का प्रयास किया गया था। तब इंगलैंड ने रूस पर उन दोनों की हत्या के प्रयास का आरोप लगाया था। इसी तरह रूस के पूर्व जासूस अलेक्जेडर लिटवीनेंको की इंगलैंड में 2006 में हत्या कर दी गई थी। लिटवीनेंको सन 2000 में रूस से भाग कर इंगलैंड पहुंचे थे और माना जाता है कि रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने 2006 में उनकी हत्या करा दी। हाल में पुतिन के खिलाफ बगावत करने वाले येवगेनी प्रिगोझिन से लेकर उनके विरोधी रहे नवलनी तक पुतिन विरोधी दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं या उनको मारने का प्रयास हुआ है।

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के ऐसे कितने ही किस्से हैं। अमेरिका के हित में सीआईए ने विदेशी धरती पर कितने अभियान चलाए, कितने लोगों की हत्या कराई, कितनी सरकारें बनवाई या गिराई, इस पर हॉलीवुड में अनगिनत फिल्में बनी हैं। चीन भी अपने देश से दुश्मनी करने वालों को नहीं छोड़ता है चाहे उसके लिए कुछ भी करना पड़े। तभी सोशल मीडिया में खुल कर कहा जा रहा है कि दुनिया के शक्तिशाली और विकसित देश ऐसा करते रहे हैं और आज अगर भारत भी ऐसा कर रहा है तो इसमें क्या गलत है? यह खुल कर कहा जा रहा है कि भारत में दम है, वह जोखिम लेने को तैयार है, वह दुनिया के किसी भी हिस्से में चल रही भारत विरोधी गतिविधियां बंद करा सकता है और भारत विरोधी गतिविधियां चलाने वालों को खत्म करा सकता है। यह भी कहा जा रहा है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जितना इस बात का प्रचार करेंगे कि भारत ने खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या कराई है, भारत का उतना मान बढ़ेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उतनी ज्यादा बढ़ेगी।

हालांकि इस हल्ले में कोई यह सवाल नहीं उठाता है कि भारत का सबसे बड़ा वांछित, सबसे बड़ा भगोड़ा आतंकवादी दाऊद इब्राहिम अभी तक क्यों नहीं मारा गया? भारतीय मीडिया कई बार उसे मार चुका है लेकिन हकीकत यह है कि भारत की खुफिया एजेंसियों को उसकी कोई भनक नहीं है। वह कराची में है या दुबई में यह भी पता नहीं है। वह कैसा दिखता है, यह जानकारी भी एजेंसियों को नहीं है। सबके पास उसकी 1992-92 की तस्वीरें हैं, जो शारजाह क्रिकेट स्टेडियम की हैं या किसी पारिवारिक फंक्शन की। इसी तरह भारत में हाफिज सईद को पाकिस्तान से उठा कर लाने की कहानी पर फिल्म बन चुकी है। लेकिन वह पाकिस्तान की धरती से भारत विरोधी गतिविधियां चला रहा है। दाऊद इब्राहिम से लेकर छोटा शकील और मसूद अजहर से लेकर हाफिज सईद तक भारत के दुश्मन मजे से भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






## खास खबर

### विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बसपा और गोंगपा के बीच हुआ सीटों का बंटवारा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बसपा और गोंगपा के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। दोनों दलों ने आपसी सहमति कर सीटों का बंटवारा किया है। सोमवार को राजधानी रायपुर में बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। बहुजन समाज पार्टी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के साथ मिलकर प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। राजधानी में सोमवार बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में लड़ने का एलान किया है। प्रदेश की 90 विधानसभा सींटो में से बहुजन समाज पार्टी 53 और गोंडवाना पार्टी 37 सीटों पर के चुनाव लड़ने पर सहमती बनी है। संयुक्त प्रेसवार्ता कर पार्टी के नेताओं ने बताया कि इस गठबंधन में ज्यादातर महिलाओं को टिकट दिया जाएगा। वहीं सर्व आदिवासी समाज के लिए पार्टी के द्वार खुले होने की बात कही। पार्टी के मेनिफेस्टो में जल, जंगल और जमीन मुख्य मुद्दा रहेगा। आगे उन्होंने कहा कि अगर पार्टी चुनाव जीतकर आती है तो किसी आदिवासी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी गठबंधन की पहली सूची जल्द ही जारी कर दी जाएगी। बता दें कि 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने जेसीसी (जे) से गठबंधन किया था और प्रदेश में 7 सीट जितने में कामयाब हुई थी, जिसमें बसपा की 2 और जेसीसी (जे) ने 5 सीटें जीती थी।

### वनों से शासकीय कूप कटाई को बेहतर बेहतर बनाये - मुख्य वन संरक्षक

**गरियाबंद।** जंगलो से होने वाले शासकीय कूप कटाई से कैसे पर्यावरण को बेहतर बनाकर रखते हुए अच्छे ईमारती काष्ठ प्राप्त किये जा सकें। इस उद्देश्य से प्रदेश के पांच जिलों के वन अधिकारियों की कार्यशाला रायपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक श्री राजू अगासीमनी के आतिथ्य में संपन्न हुई। जिसमें 200 से अधिक वन अधिकारी-कर्मचारियों के साथ लकड़ी खरीदने वाले क्रेताओं को भी आमंत्रित किया गया था। गरियाबंद नीलाम हाल के बाद 200 अधिकारी-कर्मचारियों को भी जंगल ले जाकर आधुनिक मशीनों से काष्ठ विदोहन की सही विधी का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में रायपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक अगासीमनी ने वन अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कूप विदोहन लागिंग प्लान एवं अभिलेख संधारण कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार काष्ठ का कम से कम नुकसान हो और उपयोगी इमारती काष्ठ प्राप्त हो सके। उन्होने विदोहन पूर्व कूप, रोपण क्षेत्र का सीमांकन, चिन्हांकन, मार्किंग कार्य, विदोहन योजना तैयार करना, परिवहन समूह का गठन, कटाई व लगुण कार्य, विदोहन से प्राप्त काष्ठ की रिकार्डिंग, थप्पीकरण परिवहन, कूप से डिपो भेजने की विधि काष्ठ का समाधान पत्रक से मिलान, विभिन्न पंजियों से मिलान करने के तरीके और इन सभी नियमों के बारे में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने काष्ठ खरीदारों का बुलवाकर बाजार मांग के अनुसार उस आकार में काष्ठ को काटने की जानकारी दी। जिससे मूल्य अधिक से अधिक प्राप्त हो सकें। वन संरक्षक सह प्रभारी वनमण्डलाधिकारी गरियाबंद श्री मणीवासगन एस ने वृक्षों के कटाई व लागिंग के संबंध में बताया कि कूप कटाई के साथ यह ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है।

# जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे, इसके आंकड़ों से ही सबके विकास की बना सकते है उचित रणनीति- राहुल गांधी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। सांसद राहुल गांधी ने कहा है कि जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे है। जिस तरह एक्सरे के उपयोग से हम शरीर के बारे में जान सकते हैं और खामियां जानकर उसे दुरूस्त कर सकते हैं उसी प्रकार से जातिगत जनगणना के आंकड़ों से हम सभी वर्गों के विकास के लिए बेहतर रणनीति बना सकते हैं। सांसद राहुल गांधी आज बिलासपुर के परसदा में आयोजित आवास न्याय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर 'छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना' का शुभारंभ किया।



गरीबों को आवास दिलाने की छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना से चरणबद्ध रूप में कुल 10 लाख 76 हजार आवासहीन परिवार लाभान्वित होंगे। सांसद राहुल गांधी ने रिमोट का बटन दबाकर सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों और पीएमएवाय की स्थाई प्रतीक्षा सूची के 6,99,439 परिवारों के खाते में प्रथम किश्त की राशि का हस्तांतरण किया।

''छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना'' के 47 हजार 90 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया। कार्यक्रम में ''मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना'' के 500 हितग्राहियों के खाते में एक-एक लाख रूपए की राशि का हस्तांतरण किया गया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा बिलासपुर जिले को 669 करोड़ 69 लाख रुपए के 414 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात भी दी गई। साथ ही चयनित 2594 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। नगरीय क्षेत्रों में 1117 हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र भी वितरित किया गया। साथ ही स्वसहायता समूह द्वारा संचालित गारमेंट फैक्ट्री का शुभारंभ भी किया गया।

सांसद श्री राहुल गांधी ने कहा कि देश में विकास करना है तो जातिगत जनगणना के माध्यम से देश की तस्वीर जाननी होगी। ओबीसी कितने हैं, आदिवासी कितने हैं, सामान्य वर्ग के लोग कितने हैं और इनकी स्थिति कैसी है।

इसका निर्धारण कर हम सभी के विकास के लिए योजनाएं बनाएं। इस बात की माँग हम लंबे समय से करते आ रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि आज एक बटन दबाते ही आप सभी के खाते में आवास योजना की राशि हस्तांतरित हुई है। छत्तीसगढ़ की सभी न्याय योजना की किश्त हम इसी तरह आप सभी के सामने अंतरित करते हैं और एक दो सेकेंड के भीतर ही राशि आपके हाथों में चली जाती है। श्री गांधी ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ की जनता से जो वायदे किए थे। उन सभी को पूरा किया। बिजली बिल हाफ, धान का उचित दाम, कर्जमाफी सारे वायदे पूरे किये। किसान न्याय योजना में हमने 21 हजार करोड़ रुपए इनपुट सब्सिडी के माध्यम से दिये। जिन भूमिहीन श्रमिकों के पास जमीन नहीं थी, उन्हें भी हम नहीं भूले, उन्हें 7 हजार रुपए हर साल दे रहे हैं। आदिवासियों को लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य दिया। वनाधिकार दिये गये। स्वास्थ्य में पांच लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा दी गई, 70 लाख परिवारों को लाभ मिला। 42 हजार वैकेंसी भरी। एक लाख 30 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है।

सबसे पहले राजीव जी ने आरंभ की थी आवास योजना- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि गरीबों को आवास दिलाने सबसे पहले 1985 में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने योजना शुरू की थी। उन्होंने इस योजना का नाम रखा इंदिरा आवास। जनगणना नहीं होने की वजह से कई पात्र हितग्राहियों को भी इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। अभी जितने आवास मिल रहे हैं 2011 की जनगणना के आधार पर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी राहुल जी ने बटन दबाया और हितग्राहियों के खाते में पैसा पहुँच गया है। एक लाख हितग्राहियों के खाते में पैसा पहुँच गया है। राहुल जी हमेशा किसान, गरीब की बात करते हैं। आदिवासियों की बात करते हैं। उनके हक की बात करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली बार राहुल जी रायपुर युवा सम्मेलन में भाग लेने आये थे। आज आवास न्याय सम्मेलन में भाग लेने बिलासपुर आए हैं। आज हमने पहली किश्त जारी की है शेष किश्त भी समय-समय पर जारी करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां भी अन्याय होता है वहां राहुल जी खड़े होते हैं। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक उन्होंने पदयात्रा की। आज राहुल जी ने गरीब लोगों के खाते में पैसा डाला है। इसके बाद खड़गे जी 28 तारीख को आयेंगे और किसानों के खाते में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त जारी करेंगे। बेरोजगारी भत्ता भी 28 तारीख को हम देंगे। भूमिहीन न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों की किश्त भी हम इसी 28 तारीख को देंगे। हम हर महीने बटन दबा रहे हैं और आप के खाते में पैसे डाल रहे हैं। सम्मेलन को उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री रवींद्र चौबे, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, सांसद दीपक बैज ने भी संबोधित किया।

आवास न्याय सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, सांसद कोरबा ज्योत्सना महंत, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, विधायक शैलेष पाण्डेय उपस्थित रहे।

## विश्व हृदय दिवस पर कार्डियक एक्सरसाइज जागरूकता का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर के जंतु विज्ञान परिषद् एवं 1 सी.जी. नवल एन.सी.सी. के कैडेटों के संयुक्त तत्वाधान में आज कार्डियक एक्सरसाइज जागरूकता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12.30 बजे महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट डॉ. अनिल रामटेके, एसोसिएटेड एनसीसी ऑफिसर ने हृदय की कार्यप्रणाली के बारे में बताया।

उन्होंने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक शारीरिक व्यायाम का जुम्बा एवं म्यूजिकल ड्रिल के माध्यम से प्रदर्शन किया और लोगों को निरंतर उक्त व्यायाम कर अपने हृदय को स्वस्थ रखने को प्रेरित किया। डॉ. रामटेके ने अपने आसपास के व्यक्तियों को भी इसके लिए प्रेरित करने जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पारमिता दुबे के उद्बोधन से हुई। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. झरना रानी नाग ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नेवल विंग के सभी एनसीसी कैडेट्स एवं जंतु विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कैट के विशाल स्वास्थ शिविर में उमड़ा व्यापारियों का जन सैलाब

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे बडे व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के द्वारा रायपुर के लगभग 100 से अधिक व्यापारी संगठनों के साथ व्यापारियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कैट राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में युवा कैट द्वारा स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत नि:शुक्ल विशाल स्वास्थ शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। जिसमे 500 से अधिक व्यापारियों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।



इस विशाल स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी के द्वारा किया गया।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि कैट समय- समय पर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करती आ रही है। इसी कडी में आज कैट द्वारा विशाल स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। आज के भाग दौड जिन्दगी में व्यापारियो के पास पर्याप्त समय नहीं होनें के कारण अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते है। कैट ने व्यापारियों के लिए स्वस्थ व्यापारी - स्वास्थ व्यापार का एक अभियान चलाकर स्वास्थ शिविर लगाया जिसमें शहर के व्यापारियों अपने स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर में भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। स्वास्थ्य शिविर में शहर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स ने अपनी अपनी सेवांए दी। इस शिविर में नि:शुल्क बीएमडी (हड्डी गुणवत्ता) यूरिक एसिड, ब्लड शुगर एव बी.पी. की जांच की गई एंव दवाइयों का वितरण भी किया गया। कैट के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष परमानन्द जैन एवं प्रदेश महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह ने बताया कि स्वास्थ शिविर में शहर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स द्वारा जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर अंकुश वर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर मनीष गुप्ता दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर जितेन्द्र सराफ दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर निखिल मोती रामानी हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर विकास गोयल रक्त रोग विशेषज्ञ, एवं डॉक्टर अर्पण चर्तुमुथा कैन्सर सर्जन ने अपनी सेवांए दी। अमर पारवानी के द्वारा सभी डॉक्टरो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कैट के प्रदेश युवा अध्यक्ष श्री अवनीत सिंह ने बताया कि युवा कैट द्वारा व्यापारियों को स्वास्थ्य एवं समृद्व तथा व्यापारिक हित के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी के तहत स्वास्थ व्यापारी - स्वस्थ्य व्यापार का नारा देते हुए विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी का जन्मदिन कैट के प्रदेश कार्यालय में केक काटकर, बडी धूमधाम से ढोल नगाडा बजाकर तथा पारवानी को पुष्प गुच्छ भेंट कर मनाया गया।

## छोटे-बड़े सभी गोदाम चिन्हांकित होंगे, एटीएम से अचानक ज्यादा राशि निकासी पर भी रहेगी नजर


श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से आगामी विधानसभा निर्वाचन कराने के लिए आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान अवैध रूप से पैसा और अन्य सामग्रियों के वितरण पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए अधिकारियों ने कार्य योजना पर गहन विचार-विमर्श किया।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी दिशा निर्देशों की जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी छोटे-बड़े गोदामों को चिन्हांकित कर उनकी लिस्ट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि अवैध रूप से बड़ी संख्या में वितरण सामग्री के भण्डारण पर लगाम लगाई जा सके। कलेक्टर ने निर्वाचन के दौरान किसी भी इलाके की एटीएम मशीनों से अचानक ज्यादा राशि निकलना रिपोर्ट होने पर भी नजर रखने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिए। उन्होंने रायपुर एयरपोर्ट पर निर्वाचन अवधि के दौरान आने वाले लोगों की रेंडम जांच करने की व्यवस्था और मानक योजना बनाने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान बैंक खातों से संदिग्ध लेन-देन, किसी खाते से अचानक बड़ी रकम की जमा एवं निकासी आदि पता चलने पर तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी और आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचित किया जाए। उन्होंने बैंको की कैश कैरियर वाहनों को भी निर्धारित मापदण्डों और सुरक्षा के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि विशेषकर निजी और व्यवसायिक बैंकों के कैश कैरियर वाहन बैंकों द्वारा दी गई राशि का ही परिवहन करें। राशि का पूरा हिसाब रखें। उन्होंने कहा कि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान किसी भी तरह की अनियमितता पाई जाने पर बैंक प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवैध रूप से साड़ी, किचन सामान जैसी दूसरी सामग्रियों की बड़ी संख्या में आवाजाही पर भी कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने बिना ईवे बिल के ऐसी सामग्रियों के परिवहन पर जब्ती की कार्रवाई करने के निर्देश जीएसटी विभाग को दिए। कलेक्टर ने परिवहन एवं जीएसटी विभाग के अधिकारियों को यात्री बसों की भी सघन चेकिंग करने को कहा। बैठक में डॉ. भुरे ने जिले के सभी शराब दुकानों में सीसीटीव्ही कैमरे लगाकर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।






## खास खबर...

### डॉ. अम्बेडकर की थिसीस -प्रॉब्लम ऑफ रूपीस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ में पहली बार होगा बौद्धिक विमर्श

**रायपुर।** डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर द्वारा लिखित विश्वविख्यात थिसीस ''प्रॉब्लम ऑफरूपीस'' के 100 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार गहन बौद्धिक विमर्श एवं व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में यह आयोजन 8 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में होगा। डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी की रविवार 24 सितम्बर को हुई कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लेते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में यह तय किया गया कि इस महत्वपूर्ण आयोजन में देश के सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं आर्थिक मामलों के जानकार तथा विख्यात समाजशास्त्री डॉ. प्रदीप आगलावे मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित होंगे। वहीं इस महत्वपूर्ण आयोजन में अनेक अर्थशास्त्री और बौद्धिक चिन्तक और विचारक भी हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. अम्बेडकर द्वारा लिखित यह पुस्तक वर्ष 1923 में प्रकाशित 'रुपये की समस्या-उद्भव और समाधान' अंबेडकर की एक महत्वपूर्ण पुस्तक है। इसमें उन्होंने 19वीं शताब्दी से भारतीय मुद्रा प्रणाली के विकास की विवेचना की है। भारत के लिए किस प्रकार की मुद्रा प्रणाली उपयुक्त है, इसका सुझाव रखा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इसी के आधार पर भारत में रिजर्व बैंक ऑफइंडिया की स्थापना हुई थी। इसी से देश में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं और वैकासिक प्रतिमानों की भी व्युत्पत्ति हुई है। डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी की हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में आवास एवं पर्यावरण वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के विशेष सचिव श्री महादेव कावरे को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यकारिणी ने भविष्य की कार्ययोजना और रूपरेखा के बारे में गहन चर्चा की।

### सड़क दुर्घटनाओं में घायलों का हो त्वरित उपचार - मुख्य सचिव

**रायपुर।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के त्वरित उपचार की व्यवस्था एवं सहायता सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने यह निर्देश आज यहां मंत्रालय में सड़क सुरक्षा परिदृश्य की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था सहित इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। मुख्य सचिव ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग और राजमार्गों के आस-पास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने यातायात शिक्षा एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए भी सभी जरूरी कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। मुख्य सचिव ने राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित मेडिकल कॉलेजों तथा जिला चिकित्सालयों में ट्रामा सेंटर की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि जिलों के सभी अस्पतालों में सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए प्रारंभिक उपचार की व्यवस्था उपलब्ध होना चाहिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को अस्पतालों में मौजूद चिकित्सा उपकरणों एवं एम्बूलेंस में मौजूद चिकित्सा उपकरणों का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजमार्गों के आस-पास स्थित सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एम्बूलेंस अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसकी समुचित व्यवस्था एवं निगरानी करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए है। इसी तरह से यातायात शिक्षा के तहत स्कूलों में यातायात शिक्षा के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा भारत स्काउट गाईड के कैडेट्स एवं छात्रों के माध्यम से जागरूकता संबंधी कार्यों के साथ सुगम यातायात हेतु उनकी सेवाएं भी ली जा रही है। बैठक में सचिव परिवहन एस.प्रकाश, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन तथा सचिव चिकित्सा शिक्षा पी.दयानंद सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

**बिल्हा विकासखण्ड में 201 करोड़ लागत की सतही जल प्रदाय योजना,100.45 करोड़ के डिस्ट्रिब्यूशन कार्य का हुआ लोकार्पण**

# सांसद राहुल गांधी ने आवास न्याय सम्मेलन में 669.69 करोड़ के 414 विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। लोकसभा सांसद राहुल गांधी तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 25 सितम्बर को जिले के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम परसदा सकरी में आयोजित 'आवास न्याय सम्मेलन' में क्षेत्रवासियों को 669 करोड़ 69 लाख रूपए की लागत के 414 विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 195 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत के 247 कार्यों का शिलान्यास तथा 474 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत के 167 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।**



साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सम्मेलन में हितग्राहियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत सामग्री और चेक का वितरण किया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद राहुल गांधी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भूमिपूजन किए जाने वाले कार्यों में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 13.78 करोड़ रूपए की लागत से 21 विभिन्न सड़क निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विकास योजना बिलासपुर अंतर्गत 3.74 करोड़ रूपए की लागत से 2 सड़कों का नवीनीकरण कार्य, जल संसाधन विभाग बिलासपुर अंतर्गत 14.24 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले खारंग जलाशय में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना फास्ट ट्रेक अंतर्गत कमाण्ड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन कार्य, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 9.32 करोड़ रूपए की लागत से 17 स्वास्थ्य केन्द्रों तथा स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं का निर्माण व विस्तार, लोक निर्माण विभाग सेतु विकास निगम अंतर्गत 8 करोड़ 92 लाख रूपए की लागत जिला बिलासपुर के आमागोहन से बगबुड़ा मार्ग पर अरपा नदी पर पुल निर्माण तथा 2 करोड़ 35 लाख रूपए की लागत से बिलासपुर.रतनपुर कटघोरा मार्ग के किलोमीटर 30/2 पर खारून नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण, जल संसाधन संभाग कोटा अंतर्गत 2 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत से महुआकापा एनीकट निर्माण तथा 2 करोड़ 34 लाख रूपए की लागत से रानीबचली एनीकट निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बिलासपुर अंतर्गत 2 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक सामाजिक भवन, कौशल प्रशिक्षण भवन,सार्वजनिक शौचालय सहित कुल 9 निर्माण कार्य ,जनपद पंचायत मस्तुरी में 98 लाख की लागत से 6, बिल्हा में 01 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत से तथा तखतपुर में 01 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से 8 विभिन्न निर्माण कार्य, नगर पालिक निगम बिलासपुर में 36 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत से 148 विकास कार्य, विद्युत विभाग बिलासपुर के बिल्हा विकासखण्ड अंतर्गत 01 करोड़ 96 लाख रूपए की लागत से 33/11 केव्ही सब स्टेशन का निर्माण, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर ;क्रमांक.02- अंतर्गत 15 करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से 03 सड़कों का निर्माण, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर ;क्रमांक.01 के अंतर्गत 02 करोड़ 57 लाख रूपए की लागत से 02 स्कूल भवन तथा 01 सामाजिक भवन निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार नगर पंचायत तखतपुर में 01 करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से 10 भवन तथा नाली निर्माण कार्य, नगर पंचायत बिल्हा अंतर्गत 02 करोड़ 55 लाख रूपए की लागत से 6 विभिन्न विकास कार्य, नगर पंचायत बोदरी में अमृत मिशन के तहत 72 करोड़ 55 लाख रूपए की लागत से 01कार्य का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा लोकार्पित किए जाने वाले कार्यों में विकासखण्ड तखतपुर के गनियारी में 7 करोड़ 04 लाख रूपए की लागत से रीपा में गार्मेंट फैक्ट्री तथा विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत नगोई में 7 करोड़ 04 लाख रूपए की लागत से रीपा में गार्मेंट फैक्ट्री का लोकार्पण कार्य शामिल है। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 03 करोड़ 25 लाख रूपए की लागत से 11 स्वास्थ्य केन्द्र भवनों, जल संसाधन संभाग कोटा अंतर्गत 18 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत से 7 एनीकट एवं 01 जलाशय निर्माण कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत 6 करोड़ 02 लाख रूपए की लागत से 16 विभिन्न स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का उन्नयन कार्य, जनपद पंचायत मस्तुरी अंतर्गत 3 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से 25 कार्य, बिल्हा अंतर्गत 45 लाख रूपए की लागत 03 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

**गारमेंट फैक्ट्री में बना कोट समूह की महिलाओं ने गिफ्ट किया राहुल गांधी को**

# हाई स्पीड इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीन गारमेंट फैक्ट्री का सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर । छत्तीसगढ़ सरकार की महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) योजना अंतर्गत नारी शक्ति समिति गनियारी की प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के लिए गारमेंट फैक्ट्री का शुभारंभ सांसद राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। महिलाएं इन हाई स्पीड इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीन से समय की बचत और उत्पाद में वृद्धि करके अपनी कमाई में वृद्धि कर सकेंगी।**




नारी शक्ति समूह की महिलाओं ने सांसद श्री राहुल गांधी को गारमेंट फैक्ट्री में बना कोट और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को गारमेंट फैक्ट्री में बना कुर्ता पैजामा भी भेंट किया। सांसद श्री राहुल गांधी और मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बिलासपुर द्वारा बनाए गए उत्पादों का निरीक्षण किया। श्री गांधी ने समूह के सदस्यों द्वारा निर्मित गोबर पेंट के डिब्बे को खोलकर देखा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें बताया कि प्रदेश में महिलाओं और स्व सहायता समूह को गोबर पेंट निर्माण के माध्यम से अच्छी कमाई हो रही है। इस गोबर पेंट का उपयोग करके स्कूल और शासकीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य भी कराया जा रहा है। श्री गांधी ने समूह द्वारा अब तक निर्मित गोबर पेंट के अब तक उत्पाद निर्माण और किया जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली। सदस्यों ने बताया कि रीपा योजना के माध्यम से उन्हें काफी लाभ हो रहा है और रीपा में वाईफाई की सुविधा भी दी गई है जो बहुत ज्यादा लाभप्रद है।

# सहायक वन संरक्षकों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में पदोन्नत सहायक वन संरक्षकों का 'वानिकी एवं वन्यजीव प्रबंधन' विषय पर 15 दिवसीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण का आयोजन 11 सितम्बर से 25 सितम्बर 2023 तक आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के समस्त 06 वृत्तों के वनमंडलों से कुल 32 सहायक वन संरक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।**

प्रशिक्षण में विभाग के समसामयिक आवश्यकताओं एवं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तथा शासन की नवीन योजनाएं एवं नियम कानून में हो रहे बदलाव को ध्यान में रखकर समग्र विषयों में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों के लिए योगा एवं खेल-कूद को भी शामिल किया गया।

प्रशिक्षण के उद्घाटन एवं समापन संस्थान सत्र को विभाग के वन बल प्रमुख तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह निदेशक श्री व्ही. श्रीनिवास राव द्वारा अपने उद्बोधन से सभी प्रशिक्षकों का उत्साहवर्धन किया गया। संस्थान के संयुक्त संचालक श्रीमती निर्मला खेरस द्वारा प्रशिक्षण का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षण में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एम.टी. नन्दी, प्रभारी अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक वेंकटाचलम, सहायक वन संरक्षक सुरेश कुमार विश्वकर्मा, शैलेष बघेल एवं वनक्षेत्रपाल तीर्थराज साहू तथा संस्थान के समस्त अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल**

# बारनवापारा वनांचल में अब मोबाईल कनेक्टिविटी की बढ़ी सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के वनांचल स्थित आकर्षक अभ्यारण्य बारनवापारा और उसके आस-पास के ग्रामीणों सहित पर्यटकों के लिए मोबाईल कनेक्टिविटी की अब अच्छी सुविधा उपलब्ध हो गई है। गौरतलब है कि विगत दिवस मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोनाखान में भेंट-मुलाकात के दौरान बारनवापारा वनांचल के ग्रामीणों की मांग पर वहां शीघ्र मोबाईल नेटवर्क चालू करने की घोषण की गई थी।**



इस तारतम्य में मुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए संसदीय सचिव परिवहन, आवास एवं पर्यावरण वन विधि एवं विधायी कार्य एवं विधायक बिलाईगढ श्री चंद्रदेव प्रसाद राय के प्रयास से बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में जियो नेटवर्क को मूर्त रूप दिया गया। इसे गत दिवस 24 सितम्बर 2023 को संसदीय सचिव श्री चंद्रदेव प्रसाद राय ने बारनवापारा अभ्यारण्य में आयोजित कार्यक्रम में शुभारंभ किया। बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र है, जिसमें केंद्र शासन के नियम अधीन कार्य होतें है एवं अभ्यारण्य क्षेत्र होने के कारण मोबाईल कनेक्टिविटी दिये जाने में काफी कठिनाई होने के बावजूद स्थानीय विधायक माननीय श्री चंद्रदेव प्रसाद राय, संसदीय सचिव परिवहन, आवास एवं पर्यावरण वन, विधि एवं विधायी कार्य छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक बिलाईगढ़ के अथक एवं सार्थक प्रयास से यह कार्य संभव हो पाया है।

बारनवापारा अभ्यारण्य के वनांचल क्षेत्र में मोबाईल नेटवर्क के आ जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में अत्यंत हर्ष व्याप्त है और उनके द्वारा मुख्यमंत्री श्री बघेल के प्रति खुशी-खुशी आभार व्यक्त किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि यहां वनांचल में छत्तीसगढ़ का एक उत्कृष्ट और आकर्षक अभ्यारण्य 'बारनवापारा' स्थित है, जहां मोबाईल कनेक्टिविटी के विस्तार हो जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी अच्छी सुविधा उपलब्ध हो गई है। वन मंडलाधिकारी बलौदाबाजार श्री मयंक अग्रवाल ने बताया कि बारनवापारा अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण अभ्यारण्य है, जहां काफी तादाद में पर्यटकों का भ्रमण होता है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कसडोल सिद्धांत मिश्रा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कसडोल रामचरण यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक युधिष्ठिर नायक, श्रीमती सोना इंदल दीवान, पुरुषोत्तम प्रधान, हेमन्त दुबे, खेमराज ठाकुर, श्रीमती ईश्वरी भिखम ठाकुर और वनांचल क्षेत्र के सरपंच अमरध्वज यादव, अनिरूद्ध दीवान, श्रीमती कल्पना संपत ठाकुर, श्रीमती पुष्पा ठाकुर, दमयंती बारिक, श्रीमती ममता टंडन, रामसिंग चौहान, शोभाराम ध्रुव, राज कुमार दीवान, सुरेश यादव तथा वन विभाग से अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य आनंद कुदरया, सुनिल खोब्रागड़े, जीवन लाल साहू, गोपाल प्रसाद वर्मा, गितेश बंजारे तथा जियो लाईन्स कम्पनी से जितेन्द्र सिंह, मो. अली चिश्ती तथा वनांचल के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























## तीन नियम



**01** हम प्रेम में होते हैं, पर खुद प्रेम नहीं होते। प्रेम में होने के लिए किसी और का होना जरूरी होता है। हमारा प्रेम अकेलेपन से डरता है। एकांत पाते ही बेचैन होने लगता है। हम खुद से ही डरते रहते हैं। ओशो कहते हैं, 'जब प्रेम संबंध नहीं, स्वभाव बन जाता है, तब प्रेम का असली सिक्का हाथ में आता है। जब प्रेम, चित्त की दशा हो जाता है, तब वह फूल बन जाता है, जो निर्जन वन में भी खिलता है और सुगंध भी देता है।'

**02** मन को लगता है कि मेरा है, तो मेरा हो जाता है। मन कहता है कि मेरा नहीं है, तो पराया। व्यक्ति हो या वस्तु, मेरा से तेरा होते ही हमारे भाव बदलने लगते हैं। मन ही हंसता है और मन ही रोता है। मन का ही सुख-दुख है और मन का ही संसार। प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन कहते हैं, 'यह संसार जो बना है, वह हमारी सोच का परिणाम है। और यह तब तक नहीं बदल सकता, जब तक कि सोच नहीं बदलती।'

**03** हम खुद को ढंग से नहीं जानते, पर दूसरों के बारे में बोलते समय हमारा आत्म-विश्वास सातवें आसमान पर होता है। दूर से ही देखकर हम अपनी कहानियां बुनते चले जाते हैं। हम अपनी बनायी हुई राय से इतना प्यार करते हैं कि उससे एक कदम पीछे हटना मुश्किल हो जाता है। दार्शनिक फ्रेडरिक नीत्शे कहते हैं, 'जो लोग संगीत नहीं सुन पाते, उन्हें नृत्य करते लोग पागल दिखायी देते हैं।'

# बढ़ो हर कीमत पर

## खूबसूरत जिंदगी



**प्रिया कुमार**
मोटिवेशनल स्पीकर, कॉरपोरेट ट्रेनर। 'आई एम अनदर यू' व 'परफेक्ट वर्ल्ड' पुस्तक की लेखिका। सपने देखना पसंद करती हैं।

**अगर आपकी किसी चीज में सिर्फ दिलचस्पी है तो आप वही करेंगे, जो आपको सुविधाजनक लगता है। अगर आप किसी चीज के लिए प्रतिबद्ध हैं तो आप उसके लिए कुछ भी करेंगे, हर कीमत पर करेंगे।**
● मरे स्मिथ

हम चीजों को संभव बनाते हैं, हम सबने चीजों को संभव बनाया है। कई बार असंभव को संभव में बदला है। हम सबके पास जीत की ऐसी कहानियां हैं, जब हम सारी मुश्किलों को पार करते हुए आगे बढ़े और अपने कार्य को अंजाम तक पहुंचाया। और इन सारी कहानियों में एक बात साझा है। और वह यह कि आपके पास करने के अलावा दूसरा कोई विकल्प मौजूद नहीं था। जब दबाव बढ़ता है और कोई बहाना स्वीकार्य नहीं होता है, जब दांव पर बहुत कुछ लगा हुआ होता है, हम 'किसी भी कीमत पर करना' वाली मुद्रा में आ जाते हैं और काम को पूरा करके दम लेते हैं।

अगर आपकी छोटी-सी बेटी सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती है तो उसके जीवन को बचाने के लिए जो भी आवश्यक होगा, आप उसके लिए कुछ भी करेंगे, किसी भी कीमत पर करेंगे। मान लीजिए कि आपके परिवार के लोग, उनके सपने, उनकी उम्मीदें पहले से ही आईसीयू में हैं। उनकी सेवा करना, उनके सपनों को पोषित करना और उनके भविष्य को सुरक्षित करना आसान नहीं है। लेकिन इसके लिए जो भी करना जरूरी है, वह आपको हर कीमत पर करना होगा।

### शॉर्टकट न अपनाएं

अगर आप लक्ष्य तक पहुंचने के लिए शॉर्टकट अपनाने का प्रयास करते हैं तो दौड़ में और जिंदगी में अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे। प्रत्येक क्षेत्र में इतिहास साक्षी है कि जिन लोगों ने शॉर्टकट का सहारा लिया, वे थोड़े समय के लिए सफल तो हो गए, पर आप यह भी पाएंगे कि वैसे लोग फिसल कर उसी जगह पर आ गए, जहां से उन्होंने शुरुआत की थी। लोग शॉर्टकट का आश्रय तभी लेते हैं, जब उनमें किसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हरसंभव कोशिश करने की इच्छा समाप्त हो जाती है। और इस तरह वे अपने सपनों को छोटा करते जाते हैं।

मैं एक बार बच्चों के एक अस्पताल के उद्घाटन में गयी। उस अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने मुझे एक किस्सा बताया। अस्पताल के उद्घाटन से एक रात पहले मुख्य विंग की ओर जाने वाले कॉरिडोर की दीवारें पेंट नहीं हो पाई थीं। काम करने वाले जा चुके थे। तब सीईओ ने अपनी टीम के लोगों को इकट्ठा किया और सबने साथ मिल कर रातभर में कॉरिडोर की दीवारों को पेंट कर दिया।

**हर काम को पूरा कर सकते हैं या उसे बीच में भी छोड़ सकते हैं। हम बहाने बना सकते हैं और नतीजे भी हासिल कर सकते हैं। मंजिले उन्हीं को हासिल होती हैं, जो हार नहीं मानते। केवल बातें नहं, काम करें। अपने सपनों के लिए लड़ें।**

उन्होंने दीवारों को जो पेंट किया था, वह परफेक्ट जैसा नहीं था, लेकिन यह उनके नजरिये को प्रदर्शित करता है। यह इस बात का बेहतरीन उदाहरण है कि आप जो चाहते हैं, उसे हासिल करने से आपको कुछ भी और कोई भी नहीं रोक सकता। लेकिन ऐसा तभी संभव है, जब आप अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करने के इच्छुक हों और कुछ भी करने को तैयार हों। यहां तक कि ऐसी चीजें करने के लिए भी तैयार हों, जो पहले कभी नहीं की हों और ऐसी चीजें भी करने को तैयार हों, जिनकी अपेक्षा आपसे नहीं की जाती है।

आपके जीवन में किस प्रकार का बदलाव आएगा, अगर अपने सामने वाली चुनौतियां को स्वीकार करेंगे और समस्याओं से दूर नहीं भागेंगे, खासकर जब वे आपको अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने और कुछ नया आजमाने की कोशिश करने को मजबूर करेंगी। समस्या की यही परिभाषा है। वह आपके मन में स्वाभाविक डर बिठा देती है। आप उसे आत्मविश्वास के सहारे, अपने प्रति भरोसे के सहारे से, अपने जुनून से तोड़ते हैं। आपके सपने आपके लिए उन अस्थायी संघर्षों से ज्यादा अहम हैं, जिन्हें पीछे छोड़ कर आपको आगे बढ़ना है। हर चुनौती के अंत में एक व्यक्तिगत सफलता आपका इंतजार कर रही होती है।

### वैकल्पिक रास्ते भी तलाशने होंगे

'किसी भी कीमत पर करो' का मतलब है कि अगर चीजें काम नहीं कर रही हैं तो अपनी गति तेज करें, वैकल्पिक रास्ते तलाशें, परिस्थितियों में सामंजस्य बिठाएं। सामान्य शब्दों में कहें तो वह सब कुछ कीजिए, जो मनोवांछित परिणाम पाने के लिए आवश्यक हो। अगर 10 कॉल करने से काम नहीं बन पा रहा है और जिससे संपर्क करना चाह रहे हैं, उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है तो 20 कॉल कीजिए।

अगर 20 कॉल से भी काम नहीं बन पा रहा है तो 40 कॉल कीजिए। तब भी नहीं तो घर से निकलें और उस व्यक्ति से मिलने की कोशिश करें। अपने दोस्तों की मदद लें। अगर उससे भी काम नहीं हुआ तो अपने बॉस से परामर्श लें। अगर उससे भी काम नहीं हुआ तो... आप तब तक प्रयास करें, जब तक कि काम नहीं हो जाता।



# लौंग की चाय पीने के फायदे

चाय हमारी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा है, जो कि दिन भी शुरुआत करने का एक जोरदार तरीका है। अगर आप वहीं ग्रीन टी या ब्लैक टी पी कर बोर हो चुके हैं, तो एक बार लौंग की चाय ट्राई कर के देखिये। लौंग तो हर घर के किचन में मौजूद होता है, तो अगर आपको अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स दूर करनी है तो लौंग की चाय पीना ना भूलें। लेनिक आइये जान लेते हैं कि इसे बनाया कैसे जाता है: 1 चम्मच लौंग को दरदरा पीस लें।

फिर इस पावडर को 1 कप पानी में डाल कर 5-10 मिनट तक उबालें। जब यह उबलना शुरु हो जाए तब इसमें आधा चम्मच टी पावडर मिला कर कुछ मिनटों तक पकाएं। फिर पानी को छान कर हल्का ठंडा कर के पियें। आप इसे स्टोर कर के रेफ्रिजिरेटर में भी रख सकते हैं।

### मसूड़ों और दांतों के दर्द से छुटकारा दिलाए

अगर मसूड़ों और दांतों में दर्द हो तो गरम लौंग की चाय से कुल्ला करें। इससे मुंह में जमे बैक्टीरिया का खात्मा होगा और झट से आराम मिलेगा।

### साइनस इंफेक्शन दूर करे

सीने में जकड़न या साइनस की समस्या में आप 1 कप गरम लौंग की चाय को सुबह पी सकते हैं। इससे कफ साफ होता है तथा शरीर गर्म होता है।

### बुखार भगाए

लौंग की चाय में मैगनीशियम और विटामिन ई और के होते हैं, जो कि जो कि बैक्टीरियल इंफेक्शन से राहत दिलाते हैं। इसको पीने से शरीर का तापमान कम होता है तथा इम्यूनिटी बढ़ती है।

### पाचन शक्ती मजबूत बने

लंच या डिनर के पहले 1 कप लौंग की चाय पीने से शरीर में खून का फ्लो अच्छा होता है तथा मुंह में लार बनने लगती है जो कि खाने को हजम करने में सहायक होती है। यह एसिडिटी और पेट के दर्द से भी आराम दिलाता है।

### आंत के परजीवी मारता है

लौंग की चाय में एंटी-इनफ्लामेटोरी कम्पाउंड होता है, जो शरीर से परजीवी को हटाने का काम करता है। इससे पेट दर्द तथा डायरिया ठीक होता है।

### गठिया दर्द ठीक करता है


अगर आपको गठिया से जुड़ा दर्द है तो आप आई कोल्ड लौंग की चाय से आराम मिल सकता है। लौंग काफी पावर फुल होती है इसलिये दर्द वाले स्थान पर लौंग की चाय के पानी से दिन में 2 या 3 बार 20 मिनट के लिये सिकाई कर सकते हैं। इससे जोड़ों का दर्द, सूजन और लिगामेंट इंजुरी में लाभ मिलेगा।

### स्किन इंफेक्शन से राहत दिलाए

यह आपको कई तरह की स्किन इंफेक्शन से राहत दिलाएगा। लौंग की चाय में ऐसा तेल पाया जाता है जो शरीर से टॉक्सिन निकालता है। अगर इसे किसी घाव पर ऊपर से लगाया जाए तो वह जल्दी ठीक हो जाता है। यह फंगल इंफेक्शन तथा दाद से भी छुटकारा दिलाता है।

# जिम में कसरत करते समय ना करें बालों और त्वचा से जुड़ी ये गलतियां

**इस बात में कोई शक नहीं कि कसरत करने से रक्त प्रवाह बढ़ता है जिससे आपकी त्वचा चमकदार होती है परन्तु आप कसरत करते समय त्वचा और बालों से संबंधित कुछ गलतियां करते हैं। अतः इस बात का ध्यान रखें कि जिम से तरोताजा निकलने के लिए ये गलतियां न करें।**



गलती नंबर 1:

### आप फाउंडेशन का उपयोग करती हैं

कसरत करते समय फाउंडेशन का उपयोग करना पूर्णतः गलत है। कॉस्मेटोलॉजिस्ट नंदिता दास के अनुसार इससे त्वचा से निकलने वाला सीबम और पसीना ब्लॉक (अवरुद्ध) हो जाता है जिसके कारण मुंहासों की समस्या हो सकती है। इसके बजाय कसरत करने से पहले मॉस्चराइज़र या ऑइल फ्री जैल का उपयोग करें।

गलती नंबर 2:

### पसीना रोकने के लिए आप रोल ऑन का उपयोग करती हैं

पसीना रोकने वाले साधनों तथा डियोडरेंट का उपयोग न करें क्योंकि ये आपके रोम छिद्रों को ब्लॉक कर सकते हैं जिसके कारण कसरत करते समय शरीर से विषैले पदार्थ बाहर नहीं निकल पाते। पसीना रोकने वाले साधनों में आमतौर पर एल्युमीनियम पाया जाता है जो स्वास्थ्य से संबंधित कई समस्याओं के लिए ज़िम्मेदार होता है।

गलती नंबर 3:

### आप बालों का जूडा बना लेती हैं

जब आप बालों को बहुत ऊंचा बांध लेती हैं या जूडा बना लेती हैं तो उन कसरतों को करने में परेशानी आती है जिनमें लेटने की आवश्यकता होती है। इसके बजाय या तो पोनीटेल बनायें या चोटी बनायें या केवल बनाना क्लिप लगायें।

गलती नंबर 4:

### आप बालों को खुला छोड़ती हैं

ब्रेकआउट (मुंहासे) जिम से संबंधित एक आम समस्या है। नंदिता सलाह देती है कि कसरत करते समय आप अपने बालों को पीछे की ओर खींचकर बांधे ताकि बैक्टीरिया बालों से चेहरे तक न पहुँच सके। बालों को बाँधने के लिए हेयर बैंड्स का उपयोग करें तथा ध्यान रहे कि ये आपकी हेयर लाइन से दूर हों। इसके अलावा कसरत करने से बालों में कोई रह जाने वाला पदार्थ जैसे तेल आदि न लगायें क्योंकि ये आपकी त्वचा के संपर्क में आ सकता है तथा मुंहासों का कारण बन सकता है। विशेष रूप से मुंहासे प्रवण त्वचा के लिए मेकअप टिप्स का उपयोग करें।

गलती नंबर 5:

### कसरत करते समय आप अपने चेहरे को स्पर्श करती हैं

कसरत करते समय अपने चेहरे को न छुएं, विशेष रूप से तब जब आप कार्डियो मशीन का अन्य वज़न संबंधी कसरत कर रहे हों। जिम के उपकरणों में बैक्टीरिया होते हैं अतः बेहतर होगा कि आप अपने हाथों को त्वचा से दूर रखें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### चिर्रा एवं कुदमुरा में खुलेंगे नवीन धान उपार्जन केंद्र

**कोरबा।** शासन द्वारा ग्रामीणों-कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीफविपणन वर्ष 2023-24 एवं आगामी खरीफविपणन वर्षों के लिए निम्नानुसार स्थान में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने की अनुमति प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत कोरबा जिले के अनुसूचित क्षेत्र ग्राम चिर्रा में एवं ग्राम कुदमुरा में नवीन धान उपार्जन केंद्र संचालित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने हेतु विभिन्न आवश्यक कार्यवाही किया जाना है। जिन स्थानों पर मंडल/उपमंडी प्रांगण उपलब्ध है उनका उपयोग धान खरीदी हेतु किया जाए। धान खरीदी हेतु ऐसे स्थान चयन किया जाए, जहां पर्याप्त समतल एवं ऊंची भूमि उपलब्ध हो। नीची अथवा गड्ढे वाले भूमि का चयन न किया जाए। उपार्जन केन्द्रों के लिए डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं अन्य स्टॉक की व्यवस्था समितियों द्वारा की जायेगी। नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने हेतु कम्प्युटर सेट्स दो प्रिंटर, यू.पी.एस. 2 केव्हीए जनरेटर की व्यवस्था विपण संघ द्वारा की जाए। इसके अतिरिक्त यदि नवीन उपार्जन केन्द्र खोलने में व्यय आता है तो विपणन संघ द्वारा राशि अग्रिम में प्रदाय की जाये, जिसे बाद में समिति को प्राप्त कमीशन की राशि से समायोजित की जाए। नमी मापने हेतु आर्द्रतामापी यंत्र, पॉलीथीन कव्हर, डनेज मटेरियल की व्यवस्था समिति के द्वारा की जायेगी। खरीदी केन्द्र में धान बिक्री हेतु निकटस्थ ग्रामों का निर्धारण कलेक्टर के द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त नवीन उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी हेतु आवश्यक तैयारी सुनिश्चित कर लिया जाए।

### पिथौरा में मॉडल कृष्ण कुंज को किया गया साकार

**महासमुंद।** नगर पंचायत पिथौरा में विकसित कृष्ण कुंज प्रदेश के लिए एक मॉडल कृष्ण कुंज के रूप में विकसित किया गया है। यहां कृष्ण कुंज की अवधारणा को साकार किया गया है। पिथौरा के कृष्ण कुंज में 0.40 एकड़ क्षेत्र में 160 पौधें रोपे गए हैं। वाकिंग ट्रेक, झूला और दीवारों में मनमोहक चित्रांकन भी किया गया है। जिससे वास्तव में कृष्ण कुंज एक सुंदर वाटिका के रूप में नगर की पहचान के रूप में उभरा है। जिसकी सुंदरता देखते ही बनती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कृष्ण कुंज वृक्षारोपण कार्यक्रम की योजना राज्य के समस्त नगरीय निकायों में हरियाली बढ़ाने की पहल हेतु लागू किया गया है। जिसका उद्देश्य वन उद्यान विकसित कर सांस्कृतिक एवं जीवनोपयोगी वृक्षों की अमूल्य विरासत का संरक्षण एवं शहरी क्षेत्रों में निवासरत लोगों में हरियाली के प्रति आकर्षण बढ़ाना, प्रदूषण मुक्त हेतु प्राकृतिक वातावरण व सुंदरता उपलब्ध कराना है। वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत ने बताया कि इसी तारतम्य में महासमुंद वनमंडल के नगर पंचायत पिथौरा में कृष्णकुंज विकसित कर बरगद, पीपल, नीम और कदंब, रीठा, सिंदूरी, गुलमोहर, बेल, आंवला जैसे सांस्कृतिक महत्व के जीवनोपयोगी 160 वृक्षों का रोपण किया गया है। राज्य शासन द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर विगत वर्ष कृष्ण कुंज योजना की शुरुआत की गई थी। जिले में नगरीय निकाय पिथौरा में वन विभाग द्वारा नगर के बीच में रिक्त स्थान को कृष्ण कुंज निर्माण के लिए चयन किया गया। यह पूरे राज्य के लिए एक मॉडल कृष्ण कुंज है। यहां वनों में पाए जाने वाले विभिन्न प्रजातियों के औषधीय, फलदार एवं फूल वाले पौधों का रोपण किया गया है। वर्तमान में रोपित पौधे 7-8 फीट ऊंचाई के हो चुके हैं।


### जिला जेल बैरक में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**रायगढ़।** जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार सिन्हा तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ दीपक कुमार कोशले के द्वारा 24 सितम्बर को जिला जेल का भ्रमण किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा जारी गाइडलाइन्स अनुसार 18 सितम्बर 2023 से चलाये जा रहे अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी विशेष अभियान 2023 अन्तर्गत बंदियों की जमानत पर रिहाई के संदर्भ में जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियों से पूछताछ की गई तथा तत्संबंध में कार्यवाही हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा सहायक जेल अधीक्षक को निर्देश दिये गये। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उक्त अभियान अन्तर्गत रिहाई हेतु पात्र बंदियों को चिन्हांकित किये जाने तथा लीगल एड डिफेंस कौंसिल के सहयोग से विधिक सहायता प्रदान करने तथा उनके जमानत आवेदन दाखिल करने के संबंध में कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिला जेल बैरक में बंदियों के लिये विधिक साक्षरता शिविर में जिला न्यायाधीश अरविन्द कुमार सिन्हा के द्वारा बंदियों को यह जानकारी दी कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह जानने का प्रयास करना है कि बंदियों को उनके अधिकार एवं न्यायिक लाभ प्राप्त हो रहा है अथवा नहीं। बंदियों के लिये लीगल एड डिफेंस कौंसिल की नियुक्ति की गई है। जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नहीं हैं, उनकी ओर से लीगल एड डिफेंस कौंसिल मामले में पैरवी करेगा तथा जमानत आदि की कार्यवाही करेगा। छोटे अपराधों में निरुद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में हैं, उन्हें जेल लोक अदालत में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर रिहा हो सकने की जानकारी दी गई।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा के प्रोत्साहन से छत्तीसगढ़ी भाषा को मिला सम्मानः मंत्री डॉ. डहरिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए राजभाषा आयोग की स्थापना की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के खान-पान, रहन-सहन, पहनावा व तीज त्यौहारों के संरक्षण एवं सवंर्धन के बेहतर काम कर रही है। राज्य सरकार ने विलुप्त हो रही संस्कृति एवं परंपरा को पुनर्स्थापित करने का काम किया। छत्तीसगढ़िया लोगों को सम्मान दिलाया है।**



आयोग का उद्देश्य सार्थक हो रहा है। मंत्री डॉ. डहरिया आज राजभाषा आयोग द्वारा राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित दो दिवसीय सातवें प्रातीय सम्मेलन के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय सातवें प्रांतीय सम्मेलन का समापन हुआ।

मंत्री डॉ. डहरिया ने कंहा कि हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ महतारी का छायाचित्र तैयार कर छत्तीसगढ़ को सम्मान दिलाने का काम किया है, वहीं छत्तीसगढ़ के राज्यगीत, राजकीय गमछा ने प्रदेश और देश में एक अलग स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभा की कमी नहीं है, ऐसे प्रतिभाओं को अवसर मिलने से राज्य की एक अलग पहचान बनेगी।

संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि देश में लगभग 1652 प्रकार की मातृभाषा हैं। अपने-अपने राज्य की अलग-अलग बोली-भाषा है। सभी को अपने मातृभाषा पर गर्व होता है। हमारी छत्तीसगढ़ी बोली-भाखा गुरतुर और मिठास है। हम सबको अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। श्री निषाद ने लोगों को अपने दैनिक जीवन में छत्तीसगढी भाषा के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी गीतों और हाना के जरिए पुरखों की समृद्ध मातृभाषा छत्तीसगढ़ी बोली का महत्व बताया।

प्रांतीय सम्मेलन को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अनिल भतपहरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की दिशा में प्रयास जारी है। छत्तीसगढ़ी भाषा का मानकी करण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा पर छत्तीसगढ़ी को राज्य के पहली से पांचवी तक स्कूलों में पाठ्यक्रम में शामिल करने की प्रक्रिया चल रही है। बस्तर और सरगुजा सभांग में भी स्थानीय बोलियों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की कार्यवाही जारी है। सम्मेलन में छत्रपति शिवाजी महाविद्यालय के कुलपति डॉ. केसरी लाल वर्मा, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक, वरिष्ठ साहित्यकार एवं भाषाविद् श्री परदेशीराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार और जिला समन्वयक उपस्थित थे। सभी कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी भाषा एंव साहित्य पर केन्द्रित आठ सत्र मे विभाजित था। पाठ्यक्रम म छत्तीसगढ़ी, राज बने के बाद छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य म नवाचार और देर रात तक कवि सम्मेलन अनवरत चलते रहा। दूसरे दिन राज बनने के बाद महिला साहित्यकारों की रचनाओं पर बेहतरीन प्रस्तुति हुई। सत्राध्यक्ष डा शैल शर्मा विभागाध्यक्ष भाषा विज्ञान अध्ययन शाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर सह सत्राध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार सरला शर्मा, संचालन शोभा मोहन श्रीवास्तव, प्रतिभागी सौरिन चंद्रसेन, कुसुम माधुरी टोप्पो, तृषा शर्मा, हंसा शुक्ल, संध्यारानी थी। श्रीमती सुषमा प्रेमलाल पटेल ने भी अपनी छत्तीसगढ़ी छंद काव्य और सुमधुर पंक्तियों से साहित्यकारों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। जिन्होने स्त्रियों की समाज को प्रदेय उनके संघर्ष, त्याग आदर्शो को गहराई से विश्लेषण कर मूल्यांकन किया गया। छठवां सत्र लोक साहित्य पर परिचर्चा में समृद्ध लोक कथा, लोक गीत, भजन गाथा, हाना, पहेली पर विचार विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही वर्तमान लेखन पर लोक साहित्य का कैसा प्रभाव है उन पर भी चर्चा हुई। सत्राध्यक्ष वरिष्ठ कथाकार परदेशीराम वर्मा, डॉ. जे. आर. सोनी, संचालन सुमन शर्मा, अरुण निगम, डा. राजन यादव, कुसुम माधुरी टोप्पो कुडुख सरगुजा, सुरेश जायसवाल, विक्रम सोनी हल्बी गोडी बस्तर, शकुन्तला तरार, डुमनलाल ध्रुव थे। भोजनो परांत छत्तीसगढ़ी में शास्त्रीय गायन प्रस्तुत कर के कलावंत कृष्ण कुमार पाटिल जी उपस्थित सभी रचनाकारों को मंत्रमुग्ध कर दिये।

सातवां सत्र छत्तीसगढ़ी म नवा पीढ़ी जेमा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया खासकर सोशल मीडिया, साहित्यकार पत्रकार एंव युट्यबर क्षेत्र के चर्चित युवा प्रतिनिधियो छत्तीसगढ़ी एम ए छात्रों प्रतियोगी परिक्षाओ मे छत्तीसगढ़ी की शानदार प्रस्तुति हुई। सत्राध्यक्ष थे गीतेश अमरोहित, सह सत्राध्यक्ष वैभव बेमेतरिहा संचालन संजीव साहू ने किया प्रतिभागी थे तृप्ति सोनी, चंद्रहास साहू, जितेन्द्र खैरझिटिया, डा विवेक तिवारी, दामिनी बंजारे एंव भूमिका साहा अंतिम आठवां सत्र काव्यपाठ के सत्राध्यक्ष रामेश्वर वैष्णव एंव सह सत्राध्यक्ष रामेश्वर शर्मा संचालक आत्माराम कोसा विवेक तिवारी के संचालन में 50 से अधिक कवियों/कवयित्रियों देर रात तक शानदार प्रस्तुतियां दी।

### रोजगार मेला सक्सेसफुल : सैंकड़ों युवाओं को मिली पसंद की नौकरी

# भूपेश सरकार ने पौने पांच वर्षों में रोजगार के अनेक अवसर दिए- अम्बिका सिंहदेव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया। जिला प्रशासन के समन्वय से जिले के लाइलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला व ऋण वितरण का आयोजन किया गया। रोजगार मेले के अवसर पर जिले में जहां एक ओर युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी दिलवाई गई वहीं दूसरी ओर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लोन भी दिया गया।**






शासकीय लाइवलीहुड कॉलेज, बैकुण्ठपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासन के विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार हेतु लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ स्वीकृति पत्र वितरित किये गए। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बैकुंठपुर, जिला कोरिया द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में रोजगार मेले और लोन मेले आयोजन किया गया था जिसके तहत आठ नियोजक उपस्थित हुए, 509 रिक्तियां प्राप्त हुई जिनके द्वारा प्रारंभिक रूप से 189 बेरोजगारी भत्ता प्राप्त सहित अन्य आवेदकों का चयन किया गया। जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पश्चात नियोजको द्वारा अंतिम चयन सूची जारी की जाएगी।

विदित हो कि शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए समय समय पर जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है, इसके तहत बैकुंठपुर के लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में रोजगार मेला व लोन मेला का आयोजन किया गया था ताकि पात्र हितग्राहियों को रोजगार व स्वरोजगार उपलब्ध हो सके। बता दें राज्य सरकार, युवाओं के हित में अनेक योजनाएं शुरू की है, वहीं प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को प्रति माह 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता भी दिया जा रहा है।

इस अवसर पर संसदीय सचिव व बैकुण्ठपुर विधायक श्रीमती 'अम्बिका सिंह देव ने कहा कि' मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विगत पौने पांच वर्षों में रोजगार के अनेक अवसर दिए हैं। करीब सभी विभागों, मण्डल, आयोग, बोर्ड में सरकारी नौकरी के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए और हजारों बेरोजगार युवाओं को इसका लाभ भी हुआ है। 'कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने' 'युवाओं से कहा कि' आप लोग जिस फील्ड में काम करोगे, वहाँ एक अलग पहचान बनाओ ताकि सुदूर अंचल कोरिया को अपने काम, लगन व जुनून से भी जाना जाए। श्री लंगेह ने रोजगार प्राप्त युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा जब तक आपकी मंजिल प्राप्त न हो जाए कड़ी मेहनत और ईमानदारी से परिश्रम करते रहें।

सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा' रोजगार मेला आपको चुनौती को स्वीकार करने की सीख देगी, जिस ट्रेड के लिए चयन हुआ है वहाँ अपने स्किल का उपयोग करें और लगन के साथ काम करें। बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है कि एक ही छत के नीचे जिला प्रशासन की पहल से उन्हें बिना किसी शुल्क व परिश्रम के जिले में बुलाकर यह अवसर मिल रहा है। रोजगार मेले के अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं सहित विभागीय अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ राज्य बहुत तेजी से आर्थिक उन्नति की ओर हो रहा अग्रसर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में जिला को निर्यात केन्द्र बनाने के लिए आज एक निजी होटल में भारत सरकार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफ्टी) एवं जिला प्रशासन रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश कुमार मिश्रा और विदेश व्यापार नागपुर के अपर महानिदेशक डॉ.व्ही.श्रमन की अध्यक्षता में किया गया। डीजीएफ्टी नागपुर के अंतर्गत 49 जिले शामिल है। इनमें महाराष्ट्र के 12 और मध्यप्रदेश के 04 और छत्तीसगढ़ के 33 जिलों को एक निर्यात केन्द्र में बदलने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

जिला पंचायत रायपुर के सीईओं अबिनाश मिश्रा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को धान का कटोरा के नाम से जाना जाता है। यहां बड़ी संख्या में किसान धान की पैदावार करते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बहुत तेजी से आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। रायपुर में भी पहले की अपेक्षा वर्तमान में व्यापार में तेजी आई है और बड़े बाजार के रूप में उभर कर रायपुर आगे बढ़ रहा है। राज्य में भी चावल के साथ स्टील, एल्युमिनियम, लोहा के साथ वन संपदा भरपूर मात्रा में पाई जाती है अब विदेशों से भी इसकी मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को औद्योगिक रूप के साथ आगे बढ़ाने के साथ ही छोटे एंव मध्यम उद्योग को बढ़ावा दिया जाना है। ताकि लोगों को स्थानीय स्तर बेहतर रोजगार मिल सके। कार्यशाला का उद्देश्य है कि राज्य के अन्य सामग्रियों को भी विदेशों में निर्यात करके बढ़ावा दिया जाए।

व्ही. श्रमन ने अपने सम्बोधन में कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नागपुर के अंतर्गत वर्तमान में 49 जिला को निर्यात केन्द्र को बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के रायपुर में पहला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाल में सभी जानकारी आपको ऑनलाइन अपडेट घर बैठे पंजीयन करने के आसान तरीके है। इसके साथ ही पोर्ट इकोस्पोर्ट, कस्टम ड्यूटी, बैंकिंग कार्य, डाकघर निर्यात, कन्टेनर के माध्यम से निर्यात, ई-कॉमर्स कस्टम ड्यूटी, बिल एंट्री, सिपिंग बिल, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, आदि जानकारी दी गई है।

जहां विशेषज्ञों के द्वारा ई-कॉमर्स निर्यात घर बैठे ऑनलाईन की जानकारी, बैंकिंग सुविधा आदि डीजीएफ्टी के टीम के द्वारा बताया गया। इस अवसर पर डीजीएफ्टी डॉ. व्ही. श्रमन, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के जोनल मैंनेजर प्रशांत कुमार राजू, ब्रांच मैनेजर ईसीजीसी संग्राम केसरी बिसोई, इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के राजन ठोकर, भारतीय डाक विभाग, जिला उद्योग विभाग के अधिकारी संजय गजघाटे, सुश्री सोनाली मोरई और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# संभागायुक्त पहुंचे मतदान केन्द्र : पानी, विद्युत व्यवस्था, रैम्प आदि की देखी व्यवस्थाए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर । आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान केंद्रो पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और पूरी सुरक्षा से मताधिकार का प्रयोग करना सुनिश्चित करने के लिए आज संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने रायपुर शहर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। संभागायुक्त माधव राव सप्रे उत्कृष्ट विद्यालय और जे.आर. दानी कन्या विद्यालय में बने मतदान केन्द्रों पर पहुंचे।**




डॉ. अलंग ने इन मतदान केन्द्रों में फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प, शौचालय आदि मूलभूत व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने मतदाताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भी केंद्रों पर जरूरी इंतजाम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे भी साथ रहे। संभागायुक्त ने मतदान केंद्रों में 100 मीटर की परिधि के भीतर मतदाता सहायता केंद्र बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित बीएलओ से मतदान केंद्रवार मतदाताओं की संख्या भी पूछी। डॉ. अलंग ने दिव्यांग मतदाताओं की पहचान कर उन्हें मतदान केंद्र तक लाने की सुविधा भी देने को कहा। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए मतदान केंद्रों में व्हील चेयर, छड़ी आदि की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। संभागायुक्त ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में मतदान से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

डॉ. अलंग ने सप्रे शाला और जे.आर. दानी कन्या विद्यालय के मतदान केंद्रों में शारीरिक नि:शक्तों के लिए बनाये गये रैम्प पर प्रसन्नता जाहिर की। संभागायुक्त ने इस दौरान मौजूद लोगों-मतदाताओं से चर्चा कर मतदान के अधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. अलंग ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस बल तैनाती को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### पति की बेवफाई से परेशान पत्नी ने की खुदकुशी

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में पति की बेवफाई से परेशान एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों की 3 महीने पहले लव मैरिज हुई थी। लेकिन इसके बाद उसका पति मोहल्ले की ही दूसरी लड़की को भगा ले गया था। खुदकुशी की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार किरोड़ीमल नगर चिराईपानी इंदिरा आवास में 19 साल की सरोज प्रधान का अपने ही पड़ोसी ओमिका यदुवंशी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके बाद दोनों ने 3 महीने पहले ही कोर्ट मैरिज की थी। शादी के बाद सरोज अपने ससुराल में रह रही थी। पिछले दिनों पति ओमिका यदुवंशी ने मोहल्ले के ही एक और लड़की को भगा ले जाने के कारण सरोज आहत हो गई। बेटी को परेशान देख उसके माता-पिता उसे अपने घर ले आये थे। जहां सोमवार की दोपहर सरोज ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पास से उसके पति से संबंधित कोई पत्र बरामद नहीं किया गया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### तालाब में छिपा कर रखे थे शिवलिंग, पुलिस ने किया बरामद

**कोरबा।** भगवान को भी अब चोर नहीं छोड़ रहे है और मंदिर में चोरी करने के साथ ही भगवान की प्रतिमा ही उठा कर ले जा रहे हैं। पाली क्षेत्र में सौ वर्ष पुराने शिवलिंग को स्थान से उठाने में अज्ञात चोर सफल हो गए, पर अपने साथ नहीं ले जा सके और तालाब किनारे पचरी में पानी के नीचे छिपा दिया। बाद में ग्रामीणों ने उसे बरामद कर लिया। पाली के ग्राम पंचायत लाफा की सरपंच संगीता सिंह ने बताया कि गांव में ऐतिहासिक गंगासागर तालाब के मेड़ पर पीपल के पेड़ के नीचे सौ साल पहले शिवलिंग जलहरि स्थापित किया गया था। यह जलहरि शिवलिंग लोगों की आस्था का केंद्र है और यहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।

पिछले दिनों तेज बारिश के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चौरा में स्थापित शिवलिंग को चोरी करने का प्रयास किया गया और शिवलिंग को चौरा से उठाकर अलग कर दिया, पर उसे ले जा नहीं पाए और चौरा से उठाकर गंगासागर तालाब के किनारे पानी के अंदर पचरी में छिपाकर रख दिया। दूसरे दिन सुबह तालाब किनारे ग्रामीण पहुंचे, तब उन्हें शिवलिंग गायब मिला। क्षेत्र में खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई और उन्होंने तलाश शुरू की, तब पचरी में छिपाया गया शिवलिंग बरामद कर लिया गया। सरपंच की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध सरपंच की रिपोर्ट पर धारा 379, 511के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# क्लर्क ने तहसीलदार पर जमकर बरसाए घूंसे थाने में मामला दर्ज, तलाश में जुटी पुलिस

## जांजगीर-चांपा तहसील कार्यालय का मामला, मारपीट के बाद आरोपी क्लर्क फरार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चाम्पा। जिला मुख्यालय के तहसील कार्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब कार्यालय के क्लर्क ने तहसीलदार की उसके चेम्बर में ही पिटाई कर दी। तहसीलदार बजरंग साहू ने घटना कि लिखित शिकायत सिटी कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। यह पूरा मामला कोतवाली पुलिस में पहुंच गया है। आरोपी आशीष मालु के खिलाफधारा 294, 506, 332, 322 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।**






बजरंग कुमार साहू जांजगीर तहसील में तहसीलदार के पद में है। सोमवार सुबह से अपने कार्यालय में कामकाज कर रहे थे। दोपहर 2 बजे करीब कार्यालय में पदस्थ क्लर्क आशीष कुमार मालु से किसी काम के विषय में पूछताछ की। जिससे आशीष ताव में आ गया और तहसीलदार से निलंबित करने के लिए कहा। लेकिन निलंबन की कार्रवाई नहीं करने का कहने पर आशीष कुमार मालु ने टेबल ने रखी पानी की बोतल तहसीलदार पर मार दी। कमरे से बाहर निकल दिया।

थोड़ी देर बाद फिर आशीष तहसीलदार के चेम्बर में घुस गया और लात घूंसे से मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद तहसीलदार ने हल्ला किया और आसपास के कर्मचारी बीच बचाव करने पहुंचे। घटना के बाद आशीष कुमार मालु फरार हो गया।

उच्च अधिकारियों को मारपीट की जानकारी देकर तहसीलदार ने कोतवाली में शिकायत दी। क्लर्क द्वारा अचानक किए गए हमले की जानकारी तहसीलदार बजरंग कुमार साहू ने उच्च अधिकारियों को दी और कोतवाली पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। आवेदन पर कोतवाली पुलिस ने तहसीलदार बजरंग कुमार साहू की डॉक्टरी कराई और एफआईआर दर्ज कराई है।

### आरोपी की तलाश जारी

एडिशनल एसपी शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि बजरंग कुमार साहू कि रिपोर्ट पर आरोपी आशीष कुमार मालु के खिलाफ धारा 294, 506, 322, 323 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

### देसी कट्टा लहराकर बन रहा था डॉन, पुलिस ने उतारा भूत

इधर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ युवक लोगों में दहशत फैला रहा था। गांव में डॉन बनने की कोशिश कर रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला मरवाही थाना अंतर्गत स्कूल टोला देवगंवा का है।

मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक ड्राइवर रमेश सिंह पोर्ते घर के सामने बंदूक लहरा रहा था। पुलिस आरोपी के घर पहुंची। जहां छिपे ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। ड्राइवर ने उक्त देसी कट्टा और कारतूस को मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले से खरीदना बताया। आरोपी ने बताया कि वह कोयला लेकर हाईवा में सीधी सिंगरौली की ओर जाता था, जो बिहार के एक ट्रक ड्राइवर से देशी कट्टा और कारतूस 2000 में लिया था। आरोपी के निशादेही पर एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# हेरोइन बेचते रंगे हाथों पकड़ाया बदमाश, पंजाब से लाकर रायपुर में कर रह था बिक्री



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की कबीर नगर थाना पुलिस ने एक आरोपी को हेरोइन का साथ पकड़ा है। आरोपी और उसके पार्टनरों ने नशे की इस खेप को पंजाब से लेकर रायपुर पहुंचे थे। वे यहां नेशनल हाईवे में ट्रक ड्राइवर और हेल्परों को इस नशे की सप्लाई किया करते थे। इस मामलें में फिलहाल 2 आरोपी फरार है।

कबीरनगर पुलिस को 24 सितम्बर को सोर्स से खुफिया जानकारी मिली कि नेशनल हाईवे में पंजाब से पहुंचा नशे का समान बिक रहा है। पुलिस टीम रणनीति बनाकर मौके पर पहुंची तो देखा कि वहां पर एक युवक बाइक के साथ खड़ा हुआ है। पुलिस ने युवक और मौजूद बाइक की तलाशी ली। तो गाड़ी के वाइजर में छिपाई गयी पॉलीथिन दिखी। जिसमें नशे का सामान लपेटकर छिपाया गया था।

जिसके बाद पुलिस ने 24 साल के आरोपी निशांत सिंह संधू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सोंनडोंगरी इलाके का रहने वाला है। पुलिस जांच में दो और आरोपी गुरुचरण सिंह, मलकीत सिंह दो और नाम सामने आए हैं। जो फिलहाल फरार है। ये सभी आरोपी ट्रांसपोर्ट लाइन से जुड़े हुए है। पुलिस ने निशांत से डेढ़ लाख रुपयों का 15 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। इस नशे के समान को खरीदनें वाले प्राइम ग्राहक ट्रक ड्राइवर और हेल्पर होते है। ज्यादातर ये लोग शहर के आउटर इलाकों के ढाबों और डिपो में आराम करने रुकते हैं। आरोपी इन्हीं इलाकों में सक्रिय रहते हैं।

# दुर्ग पुलिस का शहर में फ्लैग मार्च, एसपी ने दिए गुंडा बदमाशों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** शहर में बढ़ते अपराधिक घटनाओं व जुआ, सट्टा, स्पीड बाइकर्स आदि पर नकेल कसने सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने सभी थाना प्रभारियों व राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान गुंडा बदमाशों पर नकेल कसने की रणनीति पर विचार किया गया। एसपी सिन्हा ने सभी पुलिस अफसरों को गुंडा बदमाशों के साथ की सट्टेबाजी, जुआं और नशाखोरी में लिप्त लोगों पर भी कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। आधी रात को शहर की गश्त करने के बाद पुलिस कंट्रोल रूम में फ्लैग मार्च समाप्त हुआ।

पुलिस कंट्रोल रूम में यह बैठक आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए रखी गई। बैठक में जिले की सुदृढ सुरक्षा व्यवस्था के लिये, असामजिक तत्वों, गुंडे बदमाशो में कानून का डर बनाने हेतु, नशे के खिलाफ कार्यवाही करने, आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा योजना तैयार किए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय कुमार ध्रुव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार सहित राजपत्रित अधिकारी के साथ में भिलाई नगर क्षेत्र छावनी, खुसीपार, वैशाली नगर में सघन पेट्रोलिंग की गई।

फ्लैग मार्च के दौरान सट्टेबाजी करने वाले, क्षेत्र के गुंडे बदमाशो, स्पीड बाइकिंग करने वालो पर सख्त कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही आदतन अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों को चिन्हांकित कर उन पर प्रभावी कार्रवाई किये जाने एवं उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश भी दिए गए। फ्लैग मार्च के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्व दीपक त्रिपाठी, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग मणि शंकर चंद्रा सहित सभी थानों के प्रभारी व उनके पेट्रोलिंग स्टाफ डायल 112 के स्टाफ उपस्थित रहे।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ0ग0)**

ई-मेलः mandi.durg.cg@gmail.com

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2023-24/ 843    दुर्ग,दिनांक- 22/09/2023

**-:: अल्पकालिन भाव पत्र द्वितीय आमंत्रण सूचना ::-**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग के अतंर्गत नवीन थोक फल-सब्जी उपमंडी धमधा में निर्मित कियोस्क की 01 नग दुकान, ए-1 टाईप की 01 नग दुकान, एवं बी-टाईप की 05 नग दुकानें इस प्रकार कुल 07 नग दुकानों को किराए पर दिए जाने हेतु प्रीमियम राशि पर मुहर बंद बोली कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग में दिनांक-07.10.2023 दिन-शनिवार, समय-अपरान्ह 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है । कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग कार्यालय में उपमंडी धमधा की दुकान प्राप्ति के लिए आवेदन पत्र एवं डी.डी. प्रस्तुत कर प्रत्येक दुकान हेतु पृथक-पृथक मुहर बंद भाव प्रपत्र दिनांक-05.10.2023 दिन-गुरूवार तक मुहर बंद भाव प्रपत्र शुल्क राशि नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकेगें । प्राप्त बोली के मुहर बंद लिफाफें दिनांक-09.10.2023 दिन-सोमवार को समय दोपहर 01:00 बजे से अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली प्रस्तुतकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेंगे ।

**थोक फल सब्जी मंडी में निर्मित दुकान नीलामी की प्रमुख शर्तें :-**

1- दुकानो की निलामी में कोई भी आम जन-साधारण व्यक्ति थोक फल-सब्जी के व्यवसाय हेतु भाग ले सकता हैं ।नीलामी में भाग लेने के लिए कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग से प्रदत्त थोक फल-सब्जी लाइसेंस पंजीयन को प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं ।

2- दुकानो की न्यूनतम प्रीमियम बोली राशि निर्धारित है, अतः इस राशि से कम की राशि की मुहर बंद बोली स्वीकार नही की जायेगी ।एकल निविदा प्राप्त होने पर निविदा नहीं खोली जावेगी ।मासिक किराया के अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. की राशि अलग से देय होगा ।

3- दुकान की प्रीमियम की बोली के लिए निर्धारित मुहरबंद प्रपत्र पृथक-पृथक दुकान के लिए मंडी समिति दुर्ग कार्यालय से निर्धारित तिथि तक प्राप्त करने हेतु राशि मूल्य 500/- रू नगद एवं अमानत राशि राष्ट्रीयकृत बैंक का (डी.डी) जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा ।

4- उच्चतम प्रीमियम बोली प्रस्तुतकर्ता को बोली स्वीकृत दिनांक की सूचना जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रीमियम की राशि समान रूप से जमा करना अनिवार्य होगा ।अमानत राशि के रूप में जमा की गई राशि को प्रीमियम बोली की राशि में समायोजित की जावेगी, जमा राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा ।तत्पश्चात् ही मण्डी समिति द्वारा निर्धारित प्रारूप में पंजीयन का कार्य 15 दिवस के भीतर निष्पादन किया जावेगा ।यदि निर्धारित समयावधि में प्रीमियम की राशि जमा नही की जाती तो जमा अमानत की राशि मण्डी के पक्ष में राजसात कर लिया जावेगा, एवं प्रीमियम संबंधी बोली अस्वीकृत की जा सकेगी ।

कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग के अतंर्गत नवीन थोक फल-सब्जी उपमंडी धमधा परिसर में निर्मित दुकानों का विवरण, दुकान क्रमांक, प्रति नग दुकान साइज, निर्धारित प्रति दुकान की प्रीमियम राशि, प्रति दुकान की अमानत राशि एवं प्रति दुकान की मासिक किराया राशि निम्नानुसार वर्णित है :-

| क्र. | दुकान का विवरण | दुकान क्रमांक | प्रति नग दुकान साईज | प्रति दुकान न्यूनतम प्रीमियम राशि रूपये में | प्रति दुकान अमानत राशि रूपये में | प्रति दुकान मासिक किराया राशि रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कियोस्क दुकान | 1 | 10.80 मी. x 5.40 मी. कुल क्षेत्रफल-58.32 वर्ग मीटर | 1,21,750.00 | 48,700.00 | 1,218.00 |
| 2 | ए-1 टाईप दुकान | ए-1(4) | 4.00 मी. x 7.00 मी. कुल क्षेत्रफल-28.00 वर्ग मीटर | 1,61,750.00 | 64,700.00 | 1,618.00 |
| 3 | बी-टाईप दुकान | बी-6, बी-7, बी-8, बी-9, बी-10 | 5.00 मी. x 11.20 मी. (भू-तल) 3.80 मी. x 9.00 मी. (प्रथम-तल) कुल क्षेत्रफल-90.20 वर्ग मीटर | 3,41,000.00 | 1,36,300.00 | 10,223.00 |

टीप :- विस्तृत जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन समय/दिवस में मंडी कार्यालय में देखी/प्राप्त की जा सकती है ।

(डॉ. मालिक राम पोर्ते)
सचिव,
कृषि उपज मंडी समिति, दुर्ग (छ.ग.)

(अश्वनी कुमार साहू)
अध्यक्ष,
कृषि उपज मंडी समिति, दुर्ग (छ.ग.)

S-38674/1

# बीजापुर में दो नक्सली गिरफ्तार, वाहनों में आगजनी व पुलिस पार्टी पर हमला करने के आरोपी हैं दोनों

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस को दो नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के आलवाड़ा से पुलिस की संयुक्त टीम ने को यह सफलता मिली है। पकड़े गए दोनों नक्सलियों पर सड़क निर्माण कार्य मे लगे वाहनों में आगजनी व पुलिस पार्टी पर हमला करने सहित कई संगीन अरोप हैं।



मिली जानकारी के अनुसार रविवार को फरसेगढ़ थाना से जिला बल व छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 13वीं वाहिनी की संयुक्त टीम आलवाड़ा की तरफनक्सल विरोधी अभियान पर रवाना की गई थी। इस दौरान आलवाड़ा से पुलिस की संयुक्त पार्टी ने नक्सली बुधराम उद्दे पिता चिन्ना उद्दे (28) निवासी आलवाड़ा व रेनू उर्फरामसिंह पिता बंडे राम (29) निवासी आलवाड़ा को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार पकड़े गए नक्सलियों ने 10 दिसंबर 2017 को आलवाड़ा के जंगल में पुलिस पार्टी पर हमला किया था। इसके अलावा 29 जुलाई 2020 को गुमनेर के जंगल में पुलिस पार्टी पर हमला करने के साथ ही 17 दिसंबर 2020 को फरसेगढ़ और छोटे आलवाड़ा के बीच सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों में आगजनी की थी। पकड़े गए नक्सली बुधराम उद्दे के विरुद्ध फरसेगढ़ थाना में एक स्थाई वारंट व रेनू उर्फरामसिंह के विरुद्ध दो स्थाई वारंट लंबित हैं। पकड़े गए दोनों नक्सलियों को थाने में वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

कार्यालय मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ0ग0)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र "ए" में **प्रतिशत दर पर** कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | निविदा आमंत्रण क्र./दिनांक | सिस्टम नं. | आमंत्रण | जिला | आवर्धन जलप्रदाय योजनाओं का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07 / 22.09.2023 | 147506 | पंचम | बेमेतरा | थानखम्हरिया | 260.75 | बी एवं उच्च |

**Important Events and Time Schedule** - Date of calling NIT- **22-09-2023**, Bid Start Date - **24-09-2023**,Pre Bid meeting date- **27-09-2023**, Bid Due Date- **09-10-2023**, PHY Doc. Submission last Date - **10-10-2023**, PQ Document Download Date- **10-10-2023**

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तो, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 23.09.2023 से देखी जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता (प्रकोष्ठ प्रभारी)
राज्य स्तरीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय मुख्य अभियंता,
लो.स्वा.यां विभाग, परिक्षेत्र रायपुर (छ0ग0)

जी-05669/4

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P. happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 'वाकेथान' रैली का आयोजन

**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर निगम भिलाई, जिला प्रशासन एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग के द्वारा संयुक्त रूप से मतदाताओं को जागरुक करने तथा चुनाव के सफल संचालन हेतु दिनांक 26 सितम्बर, 2023 को प्रात: 7:30 बजे कलामंदिर, सिविक सेंटर, भिलाई से 'वाकेथान' रैली आयोजित की गई है। यह रैली महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर से प्रारंभ होकर वापस कलामंदिर में ही समाप्त होगी। इस अवसर पर दुर्ग जिलाधीश पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, कमिश्नर नगर निगम रोहित व्यास एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग सहित भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्य, इस्पात नगरी के नागरिक, संयंत्र के प्रशिक्षु सदस्य, टाउनशिप विभाग के कर्मचारी, टेक्नीकल- नॉन टेक्नीकल स्टाफ युवक व स्वास्थ्य कर्मी आदि इस रैली में भाग लेंगे। यह रैली कलामंदिर से प्रारंभ होकर ग्लोब (रेल) चैक से होते हुए वापस कला मंदिर में समाप्त होगी। इस्पात नगरी के सभी नागरिकों व मतदाताओं से अनुरोध है, कि वे इस रैली में शामिल होकर सुचारु चुनाव संचालन में अपना सहयोग दें।

### प्लेट मिल में डीफेंसिव ड्राइविंग ट्रेनिंग का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग के सभागार में 25 सितम्बर 2023 को बीआईसीएफ्टी रेल एवं रोड सेफ्टी के संयुक्त तत्वाधान में डीफेंसिव ड्राइविंग ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। यह अनूठा प्रयास मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता की प्रेरणा से संचालित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे ने अपने संबोधन में कहा कि जैसे घर में और संयंत्र में कार्य करते समय सुरक्षा सर्वोपरि है वैसे ही घर से निकलकर संयंत्र पहुंचने और वहाँ से घर वापस आने तक रेल एवं रोड सेफ्टी भी सुरक्षा का एक अभिन्न अंग है जिसकी अवहेलना बिलकुल नहीं की जा सकती है। इस कार्यक्रम में प्लेट मिल के नियमित कर्मचारियों के साथ प्लेट मिल के ही आतंरिक प्रशिक्षक, सहायक महाप्रबंधक ए बालासुब्रमनियम ने व्यापक रूप से अपने अनुभवों को साझा किया तथा प्रतिभगियों का ज्ञानवर्धन किया। साथ ही रोड ट्रायल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार वर्मा, महाप्रबंधक हेमंत कुमार बहुरूपी, महाप्रबंधक जे सुधाकर तथा महाप्रबंधक व विभागीय सुरक्षा अधिकारी देवदत्ता सारंगी उपस्थित थे। प्रतिभागियों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा इस आयोजन के लिए प्लेट मिल बिरादरी को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्लेट मिल रेल एवं रोड सुरक्षा के स्पोक, महाप्रबंधक सुनील मित्रा ने किया।

### ईश्वर कुमार पटेल द्वारा खीची गई छायाचित्रों के संग्रह की एकल प्रदर्शनी का आयोजन

**भिलाई।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर संयंत्र कर्मी एवं छायाकार, ईश्वर कुमार पटेल द्वारा खीची गई छायाचित्रों के संग्रह की एकल प्रदर्शनी का आयोजन, भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में किया जाना है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 27 सितम्बर, 2023 को संध्याकाल मुख्य अतिथि, भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती द्वारा किया जाना है। 27 सितम्बर, 2023 को विश्व पर्यटन दिवस को ध्यान में रखते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से दिनांक 27 से 29 सितम्बर 2023 तक, इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है। इस प्रदर्शनी में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इनकी छायाचित्र केंद्रित है।

# प्रगति यात्रा: विधायक देवेंद्र यादव ने किया लाखों के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगति यात्रा कर रहे है। इस प्रगति यात्रा के दौरान 25 सितंबर को वे एक ही दिन में करीब 12 किलोमीटर की प्रगति यात्रा किए। वार्ड वार्ड 39 चंद्र शेखर आजाद नगर में प्रगति यात्रा की गई। विधायक ने वार्ड के विकास के लिए विकास का पिटारा खोला। लोगों को लाखों के विकास कार्यों की सौगात दी। कई समाजिक भवन का लोकार्पण भी विधायक देवेन्द्र यादव ने किया।**



इसके अलावा 25 लाख की लागत से डीआईसी मैदान में प्रकाश व्यवस्था एवम जीर्णोधार भी किया जाएगा। और हमर क्लीनिक अस्पताल निर्माण कार्य 21 लाख की लागत से किया जाएगा। इस विकास कार्य का भी विधायक श्री यादव ने भूमिपूजन किया।

गौरतलब है कि प्रगति यात्रा की शुरूआत सबसे पहले वार्ड वार्ड 39 चंद्र शेखर आजाद नगर से की गई। पंडाल में पहुंचे विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड के सभी गणेश पंडाल में पहुंच कर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। गणेश जी के चरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए और ?हाथ जोड़ कर भिलाई की भलाई, भिलाईवासियों की सुखशांति, समृ?द्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद वे वार्ड में ?प्रगति यात्रा करते हुए पैदल-पैदल सभी गलियों और लोगों के घरों से होते हुए चले। लोगों से मिलते गए। लोगों का हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान वे बड़े बुजुर्गों को प्रणाम किए। युवाओं से गले मिले हाथ मिलाए और छोटो से स्नेह दिए। चौक-चौराहो में बैठकर लोगों के साथ बातचीत की और ?वार्ड के विकास को लेकर जानकारी ली। कई विकास कार्यों की सौगात दी।

### इन विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

वार्ड 39 प्रगति यात्रा के दौरान चंद्रशेकर आजाद नगर स्थित सामुदायिक भवन के समीप सिमेंटीकरन कार्य 8 लाख की लागत से किया जाएगा। सामुदायिक भवन के सामने हनुमान मंदिर का जीर्णोधार कार्य 2 लाख की लागत से किया जाएगा। 2 लाख की लागत से खेल मैदान में स्वागत द्वार निर्माण कार्य। 4 लाख की लागत से गोल्डन चौक समीप मंच निर्माण कार्य किया जायेगा। 3 लाख की लागत से गोल्डन चौक समीप पेय जल हेतु वाटर एटीएम स्थापना की जाएगी। 4 लाख की लागत से डी आई सी मैदान के समीप शिव मंदिर का जीर्णोधार कार्य किया जाएगा। इसके अलावा शासकीय स्कूल के समीप शिव मंदिर का जीर्णोधार कार्य और 2 लाख की लागत से कालीबाड़ी मंदिर का जीर्णोधार कार्य भी किया जाएगा। 4 लाख की लागत से कैथलिक चर्च समीप मंच विस्तारिकर एव बोर खनन कार्य किया जाएगा। हमर क्लीनिक अस्पताल निर्माण कार्य 21 लाख की लागत से किया जाएगा।

# इंडियन स्वच्छता लीग में सफाई के प्रति जागरूकता अभियान भिलाई निगम द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन चलाया जा रहा है। इंडियन स्वच्छता लीग महापौर नीरज पाल द्वारा 16 सितंबर 2 अक्टूबर तक चलने वाले पखवाड़ा की शुरूआत किए इसके बाद विभिन्न आयोजनों के माध्यम से शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर महाअभियान चलाया जा रहा है।




निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला गली मोहल्लों में रैली निकाल रहे है तो कहीं तो कहीं जनभागीदारी से चौक चौराहों की सफाई करा रहे है। कचरा पृथकीकरण एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक को बंद कराने सफाई कर्मी घर घर पहुंचकर जागरूक कर रहे है, साथ ही साथ शहर की सफ ाई व्यवस्था में जुटे सफ ाई कर्मियों के हित का ध्यान रखते हुए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर भी आयोजित कर रहे है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत निगम क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रों में प्रतिदिन गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में शहर के मुख्य चौक चौराहो एवं स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा का जनभागीदारी से सफाई कराना, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ श्रमदान कराते हुए सार्वजनिक स्थानों की सफाई, व्यवसायिक क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग रखने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने, प्रतिबंधित प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को बताते हुए उसके उपयोग नहीं करने रैली निकालकर अपील करना, तालाबों की सफाई, गली मोहल्लों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन करते हुए घर से निकलने वाले कचरे का व्यवस्थित रखने और आस पास स्वच्छता बनाए रखने को लेकर नागरिकों को जागरूक कर रहे है, ताकि हमारा भिलाई स्वच्छ और सुंदर रहे।

### सफाई मित्र की सुरक्षा भी जरूरी

16 सितंबर से शुरू हुए इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत सफ ाई मित्र का भी ध्यान रखा जा रहा है। भिलाई निगम द्वारा इन्हें भी सुरक्षित रखने शिविर लगाकर सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर ईलाज कराया जा रहा है, साथ ही सभी सफाई मित्र का आयुष्मान कार्ड, सुरक्षा बीमा करवाने जैसे कार्य किए जा रहे है।

# टाउनशिप में डेंगू रोकथाम अभियान है निरन्तर जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी के जनस्वास्थ विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से डेंगू नियंत्रण हेतु वृहद सर्वेक्षण, लार्वानाशी के नि:शुल्क वितरण एवं जागरूकता अभियान विगत कई महीनों से लगातार चलाया जा रहा है।

डेंगू सर्वे में लगी हुई टीम के सदस्यों द्वारा 25 सितम्बर को सेक्टर-01, 02, 04, 06, 08 के साथ ही पूरे टाउनषिप में सघनता के साथ जांच कार्य किया गया। साथ ही सेक्टरों में फागिंग, ऑयलिंग, घरों में टेमीफॉस का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फॉगिंग एवं दवाओं के स्प्रे का कार्य भी द्रुतगति से किया जा रहा है जिससे उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। विदित हो कि लार्वा सर्वे टीम द्वारा प्रतिदिन घर-घर जाकर कूलर, गमले, पॉट, फ्रीज, वाशिंग मशीन व अन्य स्थानों सहित पानी जमा होने वाले पात्रों की सघन जांच कर लार्वा मिलने पर टेमीफॉस का घोल डालकर विनिष्टीकरण किया जा रहा है एवं पात्रों को खाली कराया जाता है।

इसके अतिरिक्त लोगों को माइकिंग के माध्यम से तथा पॉम्पलेट वितरण कर डेंगू के लक्षण व रोकथाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

# सस्पेंस व थ्रीलर फिल्म तही मोर सोना 6 अक्टूबर को होगी रिलीज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एस आर सिनेमा के बैनर तले तहि मोर सोना शहर के नजदीकी सिनेमा घरों में आगामी 6 अक्टूबर को प्रदर्शित होने जा रही है। यह फिल्म एक सस्पेंस व थ्रीलर फिल्म है जिसे दर्शक पूरे उत्सुकता व जिज्ञासा के साथ देख सकेंगे साथ ही दर्शक आश्चर्यचकित होकर यह सोचेंगे कि ये क्या हो गया और कैसे हो गया? अरे ऐसे कैसे? इसमें सस्पेंस के साथ भरपूर कॉमेडी भी है, ऐसी कॉमेडी जिसमे दर्शक खुद की छवि देखेंगे और सोचेंगे कि ये तो मेरे साथ भी होता है। उक्त बातें पत्रकारों से चर्चा करते हुए फिल्म की निर्माता सृष्टि अग्रवाल ने कही।




सृष्टि अग्रवाल ने आगे कहा कि फूल पैकेज है, दर्शकों की डिमांड के अनुसार रोमांस और एक्शन से हटकर सस्पेंस व थ्रीलर फिल्म हम लोगों ने मिलकर बनाई है। यह जो नया प्रयोग किया गया है, इसको एक बार टॉकीजों में आकर जरूर देखें और अपना भरपूर आशीर्वाद दें। यदि इस फिल्म में दर्शकों का भरपूर प्यार मिला तो इसी प्रकार से अलग हटकर हम आगे भी फिल्म बनायेंगे। इस दौरान फिल्म की नायिका सोनाली सहारे ने बताया कि मेरी पहली फिल्म बीए सेकण्डीयर थी जो सुपरहीट हुई थी आज तक मैं जोहार छत्तीसगढ, ससुराल सहित लगभग दो दर्जन फिल्मों में लीड हिरोईन की भूमिका का निर्वहन की हूं लेकिन पहली बार मैं इस फिल्म में लीक से हटकर रोल की हूं, और मुझे उम्मीद है कि मेरा ये नया रोल दर्शकों को बहुत पंसद आयेगी।

# एकलव्य गणेशोत्सव समिति शास्त्रीनगर द्वारा कल महाभोग का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। विघ्नहर्ता भगवान गणेश का महाउत्सव 19 सितंबर से गणेश चतुर्थी के साथ शुरू हुआ। 10 दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव के दौरान भक्त बप्पा की पूजा-अर्चना करके उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश करते हैं। मान्यता है कि बप्पा की पूजा से जीवन के सारे कष्ट, दु:ख और परेशानियां खत्म होती हैं। भगवान गणेश अपने भक्तों पर कृपा की बारिश करते हैं और रिद्धि-सिद्धि से उनकी झोली भरते हैं।**



इस पावन पर्व पर शास्त्री नगर वार्ड-19 केम्प-1 में एकलव्य गणेशोत्सव समिति द्वारा बीते 15 वर्षों से लगातार गणेश जी की मूर्ति स्थापना की जा रही है। मूर्ति स्थापना का यह 16वां वर्ष है। समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाभोग (भंडारा) का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे का आयोजन कल यानि कि 27 सितंबर को शाम 7 बजे के बाद से महाभोग का वितरण किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने अपील की है कि सभी भक्तगण प्रसाद ग्रहण करने अधिक से अधिक संख्या में पधारे। पुराणों के मुताबिक गणेश जी का जन्म भादौ की चतुर्थी को दिन के दूसरे प्रहर में हुआ था। उस दिन स्वाति नक्षत्र और अभिजीत मुहूर्त था। ऐसा ही संयोग 19 सितंबर को बना। इन्हीं तिथि, वार और नक्षत्र के संयोग में दोपहर में जब सूर्य ठीक सिर के ऊपर होता है, तब देवी पार्वती ने गणपति की मूर्ति बनाई और उसमें शिवजी ने प्राण डाले थे।

# जोगी कांग्रेस को बड़ा झटका, सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंजारे ने थामा कांग्रेस का दामन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा विधायक ताम्रध्वज साहू की कार्यशैली व कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस प्रवेश किया। प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के निवास पर जाकर धर्मेन्द्र बंजारे ने कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान किया इनके साथ अश्वनी साहू, निलेश साहू, भूपेंद्र साहू डोमेंद्र चंद्राकार, संजय बंजारे, धनजय कुर्रे, संजय देशमुख, रितेश यादव, जसवंत, खिलेश कौशिक, दीपक सहित अन्य लोग कांग्रेस पार्टी प्रवेश हुए जोगी कांग्रेस को झटका देने में यहां कांग्रेस पार्टी कामयाब हुई है। चुनाव से पहले इस तरह कई नेता एक दूसरे के पार्टी में शामिल होंगे यह तय है इसबिच जोगी कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है, कांग्रेस के रितिनिति व विकास आम जनता को बहोत प्रभावित कर रहा है इसी के चलते कांग्रेस पार्टी अन्य पार्टी में सेंध लगाने में सफल रहे हैं। इस मौके पर मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सभी का कांग्रेस गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेन्द्र साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख, अध्यक्ष केस कला बोर्ड नदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, अध्यक्ष सहकरिता प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, मंडी बोर्ड सदस्य तारकेश्वर चंद्राकार,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदीप चंद्राकार, चांद खान, विधायक प्रतिनिधी डा पिलेश्वर साहू ,आयूब खान,विनोद गुप्ता,मोंटू तिवारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर मंत्री साहू ने सभी को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और कांग्रेस का गमछा भेंट कर स्वागत किया और सभी को मिठाई खिलाकर सभी का मुहं मीठा कराया गया मंत्री साहू ने कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में आप सभी का स्वागत है आप सभी के जुडने़ से समाजिक शक्ति एवं छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने हेतु नए विचार कांग्रेस पार्टी को नई मज़बूती प्रदान करेगी।



### पूरी टीम के साथकिया कांग्रेस में प्रवेश


धर्मेन्द्र बंजारे ने पूरी टीम के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस में प्रवेश की है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा कांग्रेस पार्टी ने उसका स्वागत किया है। पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी मिली है, उस दिशा में काम किया जा रहा है।उम्मीद है कि इस तरह से सबसे पुरानी और विश्वसनीय पार्टी कांग्रेस में लोगों के आने का सिलसिला जारी रहेगा।

# शहर से हटने लगें अवैध बैनर पोस्टर, निगम ने चलाया अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत निगमायुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश के बाद निगम प्रशासन अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने ततपरता दिखाते हुए अतिक्रमण अमले के साथ कल से शुरू किए गए अभियान के तहत अवैध बैनर पोस्टर के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए सार्वजनिक स्थलों, चौक चौराहों और महापुरुषों की प्रतिमाओं के पास लगी इन अवैध बैनर पोस्टरों को हटाने का काम शुरू कर दिया है।

जिनमे जन्मदिन, कार्यकर्ता की नियुक्ति हो अथवा राजनीतिक शख्सियत का नगर आगमन या फिर मौका जन्मदिन की खुशी का हो या फिर कोचिंग ट्यूशन क्लासेस और प्रतिष्ठानों के प्रचार प्रसार का चौराहों से लेकर गली तक सड़कों को बैनर पोस्टर से पाट दिया जाता है। आज गांधी चौक के खंबो के अलावा गौरवपथ डिवाइडर सहित आसपास के पास,जेल तिराहा,विवेकानद भवन, मालवीय नगर,पोलिटेनिक कालेज से लेकर साइंस कॉलेज के आस पास सहित अन्य जगहों से नगर निगम ने चलाया अभियान,उतारे गए अलग अलग स्थानों से 400 बैनर पोस्टर,शहर की मुख्य सड़को और चौराहों पर लगे अवैध बैनर/पोस्टर शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहे है। जगह जगह खंबो में अवैध तरीके से बैनर/पोस्टर लगाए जा रहें है। मुख्य सड़क मार्ग पर लगे बैनर,पोस्टर और फ्लेक्स से दुर्घटना होने का भी अंदेशा बना रहता है। शहर के मुख्य सड़को, गली चौक चौराहों पर लगे रहे है। जो कि वाहन चालको को अपनी तरफआकर्षिक करते है।कई वाहन चालक हादसे का शिविर हो जाते है।अलग अलग स्थानों से निकले गए बैनर,पोस्टर को जब्त किया गया। निगम क्षेत्र में प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर पूरे शहर से अवैध और बेतरतीब तरीके से लगाये गए बैनर,पोस्टर उतरवाए गये।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950